


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03 : अंक : 321 | ग्वालियर, बुधवार 30 दिसम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8




## न्यूज ट्रैक

## राजनैतिक दल, समाजसेवी व पत्रकारों ने दी शुभकामनाएं

### अर्पित गुप्ता बने राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष



**भोपाल।** मप्र में पत्रकारिता के क्षेत्र में चमकते चेहरे अर्पित गुप्ता जी बने पुष्पांजली जनकल्याण फाउडेंशन के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष।यहां बता दें कि अर्पित गुप्ता ने बहुत ही कम समय मे पत्रकारिता व समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है जिसके चलते उन्हें लगातार पदोन्नती व नए संस्थानों में जगह मिलती रही है।यहां बता दें कि वर्तमान में अर्पित गुप्ता जी समाचार के क्षेत्र में पुष्पांजली टुडे( दैनिक समाचार पत्र,ऑनलाइन न्यूज़ चैनल,वेब पोर्टल,मासिक पत्रिका )में लगभग 4 वर्ष से अपनी सेवाएं दे रहे हैं सबसे पहले उन्हें पुष्पांजली टुडे में मप्र हैड के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई थी तदोपरांत उनकी लगन को देखते हुए पुष्पांजली टुडे ने उन्हें विगत 2 वर्ष पूर्व बतौर उपसम्पादक के रूप में कमान सौंपी थी और अब उनकी मेहनत व कार्य को देखते हुए उन्हें समाजसेवी संस्थान पुष्पांजली जनकल्याण फाउंडेशन में एक नई जिम्मेदारी का दायित्व सौंपते हुए राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।साथ ही यहां बता दें कि अर्पित गुप्ता जी ने वर्ष 2014 में मीडिया जगत में कदम रखा था जिस दौरान वह भास्कर न्यूज,दैनिक उदगार,दैनिक इंडिया आज कल,चम्बल की तस्वीर आदि कई संस्थानो में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और अभी वर्तमान में वह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में स्वराज एक्सप्रेस व पुष्पांजली टुडे न्यूज़ से जुड़े हुए हैं।पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके कार्य को देखते हुए उन्हें भारत के कई राज्यो में सम्मानित भी किया जा चुका है।राष्ट्र में इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने वरिष्ठ नेतृत्व,शुभचिंतको व मित्रो का आभार व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि संगठन ने भरोसा जताते हुए उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है जिसे वह बखूबी निभाएंगे और जल्द ही सम्पूर्ण भारत मे पुष्पाजंली टुडे जनकल्याण फाऊंडेशन की टीम की नियुक्ति करेंगे जिससे संगठन को मजबूती मिल सके।इस दौरान उन्हें बधाई देने वालो में महिमा एक्सप्रेस सम्पादक अभिषेक शिवहरे,श्री राम एक्सप्रेस सम्पादक हरीश उपाध्याय,नवनीत एक्सप्रेस सम्पादक महेंद्र तिवारी,संसद मत सम्पादक हेमन्त गुप्ता,रतनगढ़ टाइम्स प्रतीक दुबार,वीनस टुडे सम्पादक वरुण गुप्ता,ग्वालियर की शान सम्पादक मृगनेंद्र सिंह,संघर्ष न्यूज़ सम्पादक राजेन्द्र झा,सन्दीप शुक्ला,भिंड रमाशंकर शर्मा,हेमन्त शर्मा आज तक,नवीन शर्मा,गुणाकेश पाराशर,परिनिधेश भारद्वाज,एन के भटेले,अनिल चौधरी,प्रदीप चौधरी,गिर्राज बौहरे,शुभम जैन,विपिन भारद्वाज,आशुतोष राजौरिया,मनीष ऋषिवर,असवार रविकांत त्यागी,गोहद देवेंद्र जैन,ऊमरी राघवेंद्र जी,मिहोना नीरज शर्मा,पंकज शर्मा,पवन शुक्ला,दबोह मोहित गोस्वामी,दिलीप नायक,रविन्द्र शर्मा,कुंजबिहारी कौरव,हरिश्चंद्र पाण्डेय,पंकज शर्मा,राजाभैया पाल,सुधांशु मुदगल,अजय त्रिपाठी,आलमपुर उत्तम चौधरी, उदयराज चौहान,मयंक त्रिपाठी,रोबिन अग्रवाल,अजीज पठान,संजीव चौधरी,लहार राजू त्रिपाठी,मोनू उपाध्याय,नितिंन त्रिपाठी,बिबेक दुबे,विवेक पांडेय,राजू मुडोतिया,संजीव चौधरी,उत्तम चौधरी,देवानंद नायक,रावतपुरा महेन्द्र त्रिपाठी,सेंवढ़ा रहीम मलिक,दतिया संदीप प्रधान,मुरैना पुष्पेंद्र तोमर,अम्बाह केशव पण्डित जी,इंदरगढ़ सुनील खरे, समथर यशपाल सिंह,करैरा संजय गुप्ता बिलैया,शिवपुरी मयंक खत्री,रामस्वरूप रजक,सुनील रजक,गुना चन्द्रप्रकाश मांझी आदि पत्रकार के साथ साथ कई राजनैतिक दल के नेता एवम अर्पित गुप्ता मित्र मंडल शामिल है।

## पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान की बेटी की सरकार से मदद की गुहार, महिला आयोग ने कराया रेस्क्यू

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग ने सोमवार देर रात पश्चिम विहार इलाके से एक महिला को रेस्क्यू करवाया है. रेस्क्यू कराई गई महिला शीला दीक्षित सरकार में मंत्री रहे और चार बार के विधायक राजकुमार चौहान की बेटी है. महिला ने एक पत्र के जरिए अपनी शिकायत दिल्ली सरकार को दी थी, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें उनके पिता द्वारा मायके में बंधी बनाकर रखा जाता है और बुरी तरह से मारा-पीटा जाता है. महिला ने गुहार लगाई कि उसे वहां से छुड़वाया जाए. मामले में संज्ञान लेते हुए आयोग ने एक टीम गठित की और दिए गए पते पर दिल्ली पुलिस के साथ पहुंची.

### वायु सेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया की चीन को चेतावनी

# भारत से टकराव अच्छा नहीं, हम जवाब देने को तैयार

> वायु सेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने कहा कि चीन पाकिस्तान को मोहरा बनाकर अपना वर्चस्व बढ़ाना चाहता है. अमेरिका के अफगानिस्तान से बाहर निकलने के बाद से चीन और पाकिस्तान दोनों के लिए रास्ते खुल गए हैं.



**नई दिल्ली।** वायु सेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने मंगलवार को चीन को कड़ी चेतावनी दी. उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि भारत से टकराव चीन के लिए वैश्विक मोर्चे पर अच्छा नहीं है. यदि चीन की आकांक्षाएं वैश्विक हैं तो ये उनकी भव्य योजनाओं को सूट नहीं करतीं. एयर चीफ मार्शल ने चीन को ये संदेश मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान दिया. वायु सेना प्रमुख ने कहा कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर भारी संख्या में चीन के सैनिक तैनात हैं. उनके पास रडार, सतह से हवा में मार करने वाली और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल की बड़ी मौजूदगी है. उनकी तैनाती मजबूत रही है, लेकिन हमने भी सभी आवश्यक कार्रवाई की है. बता दें कि भारत और चीन के बीच पिछले 8 महीने से तनाव की स्थिति बनी हुई है. लद्दाख में ल्ष्ट के पास दोनों देशों की सेनाओं की भारी मौजूदगी है. मई के शुरुआती दिनों से ही भारत और चीन में तनाव बना हुआ है. जून के महीने में गलवान घाटी में हिंसक झड़प भी हुई थी. तनाव को कम करने के लिए सैन्य स्तर पर कई दौर की बातचीत भी हुई. यही नहीं, दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों की भी मुलाकात हुई थी.

**वर्चस्व बढ़ाना चाहता है चीन**–आरकेएस भदौरिया ने कहा कि चीन पाकिस्तान को मोहरा बनाकर अपना वर्चस्व बढ़ाना चाहता है. अमेरिका के अफगानिस्तान से बाहर निकलने के बाद से चीन और पाकिस्तान दोनों के लिए रास्ते खुल गए हैं. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक मोर्चे पर विकसित अनिश्चितताओं और अस्थिरता ने चीन को अपनी बढ़ती शक्ति का प्रदर्शन करने का मौका दिया है और अप्रत्यक्ष रूप से यह वैश्विक सुरक्षा के लिए प्रमुख शक्तियों के अपर्याप्त योगदान को भी सामने लाया है.

### किसान कर्जमाफी पर गहलोत ने केंद्र के खाते में डाली गेंद

## पीएम मोदी ने साधा था निशाना

> राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किसान कर्जमाफी पर केंद्र के खाते में गेंद डाल दी है. मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर राष्ट्रीयकृत, वाणिज्यिक और भूमि विकास बैंकों से किसानों के बकाया ऋणों को माफ करने की मांग की है. सीएम ने पत्र में लिखा कि पिछले दिनों एक आरटीआई से पता चला है कि मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में कुल 7.95 लाख करोड़ रुपये के उद्योगपतियों के कर्ज राइट ऑफ हुए हैं. लेकिन मोदी सरकार ने किसानों के लिए कोई कर्जमाफी नहीं की है.




**जयपुर ।** 2018 में कांग्रेस सरकार बनने के बाद राजस्थान में 20 लाख 56 हजार से ज्यादा किसानों के कर्ज माफ किए हैं. राज्य सरकार ने कुल 14 हजार करोड़ माफ किया है, जिसमें 6000 हजार करोड़ बीजेपी सरकार द्वारा घोषित कर्जमाफी के भी शामिल हैं. मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मुझे प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर राजस्थान के किसानों की कर्जमाफी के बारे में दोबारा ध्यान दिलाना पड़ा क्योंकि 18 दिसंबर को पीएम ने बीजेपी की ओर से आयोजित मध्य प्रदेश के किसान सम्मेलन में कहा कि राजस्थान में किसान कर्जमाफी का इंतजार कर रहे हैं. जबकि ऐसा नहीं है, वास्तविकता दूसरी है. कोई भी किसान ऐसा नहीं है जो राजस्थान सरकार के अधीन आने वाले सहकारी बैंकों से कर्जमाफी का इंतजार कर रहा हो. कर्जमाफी का इंतजार वही बचे हुए किसान कर रहे हैं, जिन्होंने केंद्र सरकार के अधीन राष्ट्रीयकृत एवं वाणिज्यिक बैंकों से कर्ज लिया और केंद्र सरकार ने उनके कर्ज माफ नहीं किए हैं. किसानों में भंयकर आक्रोश है मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मैं याद दिलाना चाहूंगा कि यूपीए सरकार ने राष्ट्रीयकृत और वाणिज्यिक बैंकों से देशभर के किसानों के 72 हजार करोड़ रुपये के कर्ज माफ किए थे. ह्रष्ठ सरकार आगे आकर इस तरह किसानों की कर्जमाफी क्यों नहीं करती? यह भी विडंबना है कि एक तरफ तो बीजेपी के नेता भ्रम फैलाकर राजस्थान के किसानों को भड़का रहे हैं और दूसरी ओर जो किसान एक महीने से धरने पर बैठे हुए हैं, उनसे अभी तक कोई सकारात्मक संवाद नहीं हुआ है. 40 से अधिक किसानों की मौत हो गई है. किसानों की समस्याओं का समाधान ना करने के कारण उनके दिल-दिमाग में सरकार के प्रति भंयकर आक्रोश है.

**कर्ज माफ कर राहत देनी चाहिए**– सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन आपकी सरकार की नीतियों और आज की परिस्थितियों को देखकर यह वादा पूरा होता हुआ नहीं लग रहा है. केंद्र सरकार को अपना अहम छोड़कर अविलंब किसानों से संवाद स्थापित करना चाहिए. साथ ही किसानों को राहत देने के लिए राष्ट्रीयकृत, वाणिज्यिक एवं भूमि विकास बैंकों से ऋण लिए हुए किसानों के कर्ज माफ कर उन्हें राहत देनी चाहिए.

## नए साल के जश्न पर शीतलहर की मार, उत्तर भारत में बढ़ेगी ठंड

**नई दिल्ली।** एक तरफ कोरोना महामारी के प्रकोप के बीच केंद्र और राज्य सरकारों ने नए साल के जश्न को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं. दूसरी ओर, मौसम विभाग का कहना है कि नए साल पर उत्तर भारत में पारा और नीचे आने वाला है. यानी साल 2021 का स्वागत प्रतिबंधित समारोहों और कड़ाके की ठंड के साथ होगा. इंडिया टुडे की डेटा इंटेलीजेंस यूनिट ने अगले सात दिनों में मौसम के पूर्वानुमान पर गौर किया और पाया कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित उत्तर भारत के बड़े हिस्सों में भीषण शीत लहर की आशंका है. क्वीन ऑफ हिल्स के नाम से मशहूर मसूरी में सोमवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई. मंडी में भी बर्फबारी की खबर है. मौसम विभाग ने उत्तर भारत के एक और शहर डलहौजी में भी जबरदस्त शीतलहर की चेतावनी जारी की है जो पर्यटकों का पसंदीदा स्थल है. आज यानी 29 सिंतबर को डलहौजी में न्यूनतम तापमान -2.9 डिग्री सेल्सियस तक रहने के आसार हैं. इसके अलावा नई दिल्ली (3.6), ग्वालियर (3.8), करनाल (3.6) और पटियाला (3.6) में भी आज शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है.




हिमालय की हवाएं बढ़ाएंगी ठंड-पश्चिमी हिमालय से आने वाली ठंडी और शुष्क उत्तर-पश्चिमी हवाओं से शीतलहर की आशंका है. ये हवाएं नए साल की पूर्व संध्या पर पटना तक पहुंच सकती हैं. मौसम विभाग के अनुसार, ये हवाएं उत्तर भारत के न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी लाएंगी. ऊपर दिए गए इस मानचित्र में न्यूनतम तापमान में थोड़ा बहुत अंतर हो सकता है क्योंकि जानकारी अलग-अलग सोर्स से ली गई है. हालांकि, साल के पहले वीकेंड यानी 3 जनवरी को ही इस शीतलहर से राहत मिलेगी और उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में मौसम में गर्मी लौटने की उम्मीद है. कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन सामने आने के बाद सतर्कता बढ़ गई है. नए साल का जश्न मनाने वालों को सलाह दी गई है कि घर पर रहें.

## लोनी में दिनदहाड़े मर्डर, लापरवाही बरतने पर दारोगा और हेड कांस्टेबल निलंबित

लोनी। गाजियाबाद में दिनदहाड़े बीच सड़क युवक की हत्या कर फरार हुए आरोपियों पर कार्रवाई करने में नाकाम रहे लोनी थाना क्षेत्र के चौकी प्रभारी और हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है. इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. लोनी के चौकी प्रभारी शशिपाल भारद्वाज, अंकित कुमार और हेड कांस्टेबल धीरज चतुर्वेदी पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए गए हैं.गौरतलब है कि आरोपों की गंभीरता के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्कालीन चौकी प्रभारी शशिपाल भारद्वाज, अंकित कुमार व हेड कांस्टेबल धीरज चतुर्वेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. साथ ही इन सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश भी दिए गए हैं. दरअसल, लोनी जिले में बैखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े जघन्य घटना को सड़क पर अंजाम दिया था. बदमाशों ने एक शख्स को लोहे की रॉड से पीट-पीटकर मार डाला था. वहां मौजूद लोगों ने बदमाशों को रोकने की कोशिश भी नहीं की. पुलिस का कहना है कि आरोपी का नाम गोविंद है.

## जहां बीजेपी के नेता कर रहे थे मीटिंग वहीं डिनर करने पहुंचे टीएमसी नेता, अटकलों पर बोले- दीदी के साथ ही हूं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में लगातार हलचल मच रही है. बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस के विधायक जितेंद्र तिवारी के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे थे. लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि वो टीएमसी के साथ ही रहेंगे. अब एक बार फिर कुछ अटकलों के बीच जितेंद्र तिवारी ने सफाई दी कि वो अगले 48 घंटे में टीएमसी के प्रचार में जुटने वाले हैं.जितेंद्र तिवारी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह काफी पीड़ादायक है कि एक वर्ग मेरा संबंध बीजेपी से स्थापित करना चाह रहा है, जबकि यह झूठ है. मैं दीदी के साथ हूं, अगले 48 घंटे में दीदी के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने के मैदान में उतर रहा हूं, अपनी क्षमता के अनुसार पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य करूंगा. दरअसल, जितेंद्र तिवारी के दोबारा बीजेपी के साथ जाने की अटकलें तब लगने लगीं जब उन्हें कोलकाता के बड़े होटल में देखा गया. उसी होटल में बीजेपी के बड़े नेताओं की बैठक चल रही थी, जिसमें कैलाश विजयवर्गीय, मुकुल रॉय जैसे नाम शामिल थे.

### एनकाउंटर के बाद पेड़ पर छुपा था घायल डाकू,

## दस्यु केशव गुर्जर को भी लगी गोली

राजस्थान के धौलपुर जिले में पुलिस और डाकू केशव सिंह गुर्जर के गिरोह के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस के हाथ भले ही खाली रह गए थे, लेकिन मंगलवार को पुलिस ने इस गिरोह के एक घायल डाकू को जंगल से गिरफ्तार कर लिया. हैरानी इस बात की है कि घायल डाकू ने जंगल में एक पेड़ पर अपने छिपने का ठिकाना बनाया था. लेकिन उसके जख्म से रिसते खून ने पुलिस को उस तक पहुंचा दिया. पकड़े गए डाकू ने गिरोह के सरदार केशव गुर्जर समेत दो अन्य लोगों को भी गोली लगने की पुष्टि की है.दरअसल, 27 दिसंबर की देर रात धौलपुर के बाड़ी सदर थाना क्षेत्र में पड़ने वाले गांव गुर्जर खानपुर और पगुली गांव के पास 132 केवी जीएसएस के निर्माणधीन बिजली घर तीन राज्यों के मोस्ट वॉन्टेड और डेढ़ लाख रुपये के इनामी डकैत केशव सिंह गुर्जर के गिरोह ने धावा बोल दिया था. इस दौरान वहां मजदूर बनकर बैठे पुलिस कमांडो के साथ उनकी मुठभेड़ हो गई थी. मुठभेड़ में कोई डाकू पुलिस के हाथ नहीं लगा लेकिन पुलिस को पहले ही कुछ डाकुओं के घायल होने की आशंका थी. एनकाउंटर के बाद से ही पुलिस लगातार बीहड़ और जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रही थी.




ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोन: 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com


### च से लौटी महिला में कोरोना का नया स्ट्रेन,

# छिपकर दिल्ली से ट्रेन से पहुंची थी आंध्र प्रदेश

> भारत में कोरोना के नए स्ट्रेन की एंट्री हो चुकी है और आधे दर्जन मामले सामने भी आ चुके हैं. इस बीच यूनाइटेड किंगडम से लौटी एक महिला जो चुपके से ट्रेन के जरिए दिल्ली से अपने घर आंध्र प्रदेश पहुंच गई थी उसमें भी कोरोना का नया स्ट्रेन पाया गया है.


**हैदराबाद।** एंग्लो-इंडियन महिला जो पिछले दिनों अपने बेटे के साथ इंग्लैंड से भारत लौटी थी और इन दोनों को दिल्ली में क्वारनटीन किया गया था. यूनाइटेड किंगडम से दिल्ली पहुंचने पर दोनों को क्वारनटीन किया गया तो दोनों राष्ट्रीय राजधानी से बचकर निकल गए और फिर एपी एक्सप्रेस के जरिए अपने घर आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी जिले में पहुंच गए. अधिकारियों ने जब महिला को तलाशा तो उनके बारे में पता चला कि उन्हें कोरोना के नए स्ट्रेन के लक्षण हैं.

**21 को यूके से दिल्ली आई**-एंग्लो इंडियन महिला जो करीब 50 साल की है, उस समय चर्चा में आ गई थी जब यह खबर आई कि वह दिल्ली से ट्रेन के जरिए निकल भागने में कामयाब हो गई. वह 24 दिसंबर को ट्रेन से आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी पहुंची. वह 21 दिसंबर को यूके से दिल्ली आई थी. फिलहाल दोनों को राज्य सरकार के क्वारनटीन सेंटर में रखा गया है. दिल्ली उतरने के बाद, उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव निकला, लेकिन रिजल्ट से अनजान महिला अपने बेटे के साथ दिल्ली से आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में अपने घर के लिए रवाना हो गई. रिपोर्ट आने के बाद शुरू में उसका पता नहीं लगाया जा सका क्योंकि उसका फोन अनरिचेबल था, जिससे हर ओर हडकंप मच गया. अधिकारियों ने उसे ढूंढने के लिए अभियान चलाया और फिर उस तक पहुंच पाने में कामयाबी मिली.



**अब तक 6 नए मामले**–भारत में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के कुल 6 मामले सामने आए हैं. भारत सरकार की ओर से आज मंगलवार को इस बात की जानकारी दी गई. यूनाइटेड किंगडम से लौटे 6 लोगों में ये नए स्ट्रेन के लक्षण मिले हैं. इनमें से तीन बेंगलुरु, 2 हैदराबाद और एक पुणे की लैब के जांचे गए सैंपल में नया स्ट्रेन पाया गया है. यूनाइटेड किंगडम से लौटे लोगों की जीनोम स्किवेंसिंग की गई थी, जिसकी रिपोर्ट आज मंगलवार को जारी की गई. जिसमें अलग-अलग लैब में टेस्ट किए गए सेक्शन के बारे में बताया गया.

## एक नजर....



# खबर के बाद भी नहीं चेता प्रशासन वाहन मालिकों के हौंशले बुलन्द

### जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते नगर का मुख्य मार्ग बना वाहन स्टैंड, सात माह पहले व्यापारियों ने दिया था शिकायती आवेदन,पर नहीं हुई कार्यवाही

**दबोह ( अर्पित गुप्ता )**

नगर दबोह का मुख्य मार्ग कोंच रोड पर इन दिनों गाड़ियों का बाजार देखने को आसानी से मिल सकता है क्यों कि यहां रोजाना सैंकड़ो छोटी बड़ी गाड़ियां खड़ी होने का स्टैंड जो बना दिया गया है।जिसकी खबर प्रकाशित होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियो के कान में अब तक जूं नही रेंग रही इससे साफ जाहिर होता है कि नगर में हो रही घटनाओं का जिम्मेदार प्रसाशन ही है और अगर भविष्य में कोई बड़ी घटना घटती है तो उसका जिम्मेदारी भी प्रशासन ही होगा।विस्तार से जानकारी के लिए यहां बता दें कि नगर के मुख्य मार्ग कोंच रोड पर जाम की स्तिथि खत्म करने के लिए लगभग 50 लाख की लागत से 50-60 फिट चौड़ी सड़क का तो निर्माण करा दिया गया है परंतु लोगो को जाम की स्तिथि से निजात अब तक नही मिल पाई है क्यों कि सड़क के दोनों तरफ़ सुबह होते ही सैंकड़ो की संख्या में दर्जनों चारपहिया छोटे बड़े वाहन व ट्रक लगा दिए जाते हैं जिनसे आवागमन अवरुद्ध होता है और उसके बाद रोजाना घण्टो घण्टो तक जाम की स्तिथि बनी रहती है साथ ही वाहनों का दुकानों के सामने खड़ा होना भी दुकानदारो के लिए मुसीबत बना हुआ है क्योंकि सुबह होते ही यह लोग अपने अपने वाहन दुकानों के सामने खड़े कर देते हैं जिसकी वजह से व्यापारियों को व्यापार में परेशानी उतपन्न हो रही है।जिसके चलते आये दिन वाहन मालिकों के दुकानदारो से झगड़े होते रहते हैं साथ ही कोंच रोड स्तिथ दुकानदारों ने इस पर आपत्ति जताई है।अगर पुलिस प्रशासन व नगरीय प्रशासन को इन पर शिंकजा कसना है तो वाहनों पर चालानी या फिर इन्हें जप्त कर थाने में रखने की कार्यवाही करनी होगी तो ही इस समस्या से निजात पाई जा सकती है।व्यापारियों ने कहा कि अगर इस समस्या से नगरीय प्रशासन व पुलिस प्रशासन निजात नही दिला पाया तो जल्द ही इस समस्या के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायती ज्ञापन सौपा जाएगा और जरूरत पड़ी तो जिम्मेदार आधिकारियो की लापरवाही के चलते धरना भी दिया जाएगा।

# दबोह दौरे के दौरान सांसद पहुंची शोकाकुल परिवारों के बीच

**दबोह( अर्पित गुप्ता)**

शुक्रवार को दबोह दौरे के दौरान भिंड दतिया भाजपा सांसद महोदय सन्ध्या राय जी दबोह नगर के शोकाकुल परिवारों के बीच पहुंची।जिसके चलते वह कटरा मोहल्ला निवासी खेमरिया निवास पर व गणेश चौक स्तिथ कठ्ठिल निवास व नगर में अन्य जगह शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंची।तदोपरांत वह नगर के स्थानीय विश्राम गृह पर पहुंची जहां पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से भेंट की।

**सांसद महोदया के आगमन पर कार्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा**-शुक्रवार को भाजपा सांसद सन्ध्या राय दबोह दौरे के दौरान उनके स्थानीय विश्राम पर पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट गया और उन्हें खरी सुना डाली।दरअसल कार्यकर्ताओ का कहना था कि जब कुछ माह पहले हरे भरे दबोह को एक साजिश के तहत खंडहर में तब्दील किया जा रहा था तब दबोह की जनता पर दुख का पहाड़ टूटा था तो सांसद महोदया एक बार



पीड़ित जनता के बीच भी न पहुंची और न ही उनके साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ कोई आवाज उठाई जिसके चलते कार्यकर्ताओ में काफी रोष देखने को मिला।सांसद महोदया के विश्राम गृह पहुंचते ही भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नारायण दास फौजी का गुस्सा फूट गया और उन्होंने सांसद महोदया से कहा कि जबसे आप सांसद बनी तबसे आप आज दबोह उपस्तिथ हुई उन्होंने कहा कि लगातार 35 वर्षों से सांसद की सीट भाजपा को ही मिलती आ रही है और दबोह की जनता इतनी दबाब में होते हुए भी भाजपा को विजयी बनाती है और अगर ऐसे में नगर की जनता को उनके प्रतिनिधि का साथ न मिले तो यह गलत है।फिलहाल तो यहां यह बता दें कि भाजपा सांसद के प्रति कार्यकर्ताओ व जनता में काफी रोष है।




## भामाशाहा तेजाराम गेहलोत ने समिति को दिया 51000 रूपये का आर्थिक सहयोग



चैन्नई-लोक हित के ताप में खुद को तपाकर जो निज जीवन को कुंदन करेगा, युग उसी मनु-पुत्र को वंदन करेगा कल उसी का समाज अभिनंदन करेगा। तेजाराम गहलोत द्वारा जो सहायता श्री आईजी सेवा समिति को मिली है वह बहुत ही महत्वपूर्ण सहायता है ऐसे दानवीर भामाशाह समाज के दिए सम्माननीय हैं वंदनीय हैं उन्होंने अपनी समाज के कमजोर परिवारों के लिए सहर्ष प्यार पूर्वक आर्थिक मदद करके अपने आप को श्रेष्ठ समाजसेवी का परिचय दिया है आपने समिति को सिर्फ सहायता ही नहीं दी है बल्कि हमारे मनोबल को भी ऊंचा किया है,, जिस भाव से जिस विनम्रता से% जिस खुले दिल से सामने आकर अपनी स्वेच्छा से सहयोग देने के लिए फोन किया एवं अपने प्रतिष्ठान पर समिति कार्यकर्ता आते ही जिस आदर सत्कार के साथ सहयोग राशि प्रदान की यह एक दानवीर महापुरुष की परिभाषा को प्रदर्शित करने वाला था।आप अपनी संस्कृति संस्कारों की रक्षा एवं समाज के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है गौ सेवा से लेकर समाज सेवा के हर क्षेत्र में आप अपनी ओर से अहम योगदान देने का प्रयास करते हैं इस समिति संगठन के माध्यम से समाज सेवा के क्षेत्र में पूर्ण इमानदारी से पूर्ण% निष्ठा के साथ समाज सेवा के दायित्व को निभाने का प्रयास हो रहा है।। समिति संगठन से जुड़े सभी कार्यकर्ता दिन रात मेहनत करके समाज में आर्थिक रूप से पिछड़े हुए जरूरतमंद परिवारों को सहायता प्रदान करने में तथा आर्थिक विषमता का सामना करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को मदद प्रदान करने में तन-मन-धन से सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आपने इस संगठन को संजीवनी दि हैं,, आपका ये सहयोग किसी विद्यार्थी के जीवन को सफल बनाने में मददगार साबित होगा ,समाज के किसी निर्धन परिवार का संबल बनेगा ,किसी ऐसे कमजोर अपने समाजी भाई का सहारा बनेगा जो अपने जीवन के अंदर संकटों का सामना कर रहा होगा। इस महत्वपूर्ण सहयोग के लिये पुनः समिति मंच की ओर से आपको धन्यवाद प्रदान करते हैं ।




# सिंध नदी से रेत उत्खनन कर किया जा रहा रेत का परिवहन

### रेत की चमक के आगे फर्ज कर्तव्य सेवा भूल ने लगे अवैध उत्खनन करने और कराने में भिण्ड जिले के लहार अनुविभाग में रुकने का नाम नही ले रहा रेत का कारोबार

**मिहोना( अर्पित गुप्ता)**

भिण्ड जिले में चल रहे रेत के उत्खनन व परिवहन को लेकर भले ही क्षेत्रीय विधायक डॉ गोविंद सिंह ने नदी बचाओ यात्रा निकाली हो पर डॉ सिंह की नदी बचाओ यात्रा का खासा असर नही पड़ा और नदियों से जमकर निकल रही रेत नही है सुरक्षित नदियां लहार,मिहोना,रौंन थाना क्षेत्र में रेत का खेल दिन रात फल फूल रहा है रेत का उत्खनन व परिवहन शाम ढलते ही शुरू हो जाते है रेत के दर्जनों ट्रेक्टर रौंन,लहार,मिहोना,मछन्ड़ क्षेत्र में परिवहन करने में फर्राटे भरते नजर आते है।रेत के ओवरलोड ट्रेक्टर,सुचारू रूप से जारी रहता है रेत का उत्खनन व परिवहन जिम्बेदारों ने बांध रखी है पट्टी रेत खनन व परिवहन कराने में और पैसो के आगे सब नियम कानून की धज्जियां उड़ा रहे है जिम्मेंदार, अगर कोई बीमार या एक्सिडेंटल सीरियस केस लहार से अमायन होते हुए ग्वालियर निकलना चाहे तो निकलना मुश्किल है क्योंकि लहार थाना क्षेत्र के पर्रायच के सिंध नदी के पुल से लेकर अमायन की सीमा तक लगती रेत के ट्रकों की लंबी कतारें अमायन होते हुए कोई वाहन ग्वालियर के लिए निकले तो वह वाहन रेत के डम्फर व ट्रकों के जाम में फंस कर नही निकल सकता।।

## जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर ने सुनी 50 आवेदको की फरियाद

**भिण्ड।** प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार चांदिल की अध्यक्षता में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई कलेक्ट्रेट परिसर के सामाजिक न्याय विभाग कार्यालय में आयोजित की गई। जनसुनवाई में प्रभारी कलेक्टर ने 50 आवेदको की गंभीर होकर फरियाद सुनी। जनसुनवाई कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर श्री इकबाल मोहम्मद, एसडीएम भिण्ड-अटेर श्री उदय सिंह सिकरवार सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं अपनी समस्याऐं लेकर आए शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। प्रभारी कलेक्टर श्री अनिल कुमार चांदिल के समक्ष जनसुनवाई कार्यक्रम में सीताराम जाटव पुत्र पातीराम जाटव निवासी माताप्रसाद का पुरा गोरमी ने बताया कि मुझे अपने वार्ड की उचित मूल्य दुकान पर खाद्यान्न राशन नहीं दिया जा रहा है और मुझे धमकाकर भगा दिया जाता है। मुझे श्रीमान खाद्यान्न दिलाया जाए। इसीप्रकार मरगदी पुत्र परमोले जाटव निवासी कोट एवं आशादेवी पत्नी कनावर ने बताया कि किसान सम्मान निधि प्राप्त नहीं हुई है, हम लोगो को किसान सम्मान राशि का भुगतान कराया जाए। रामसिया कढेरे पुत्र मातादीन कढेरे निवासी चरथर ने बताया कि मेरा अभी तक हमारी जमीन का पटवारी के द्वारा नामांतरण नहीं हुआ है। मेरा पटवारी द्वारा नामांतरण कराया जाए और मुझे नामांतरण की नकल भी दिलाई जाए।

### हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाई

# क्षत्रीय खंगार समाज ने लहार में मनाई महाराजा खेत सिंह जयंती



**लहार।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा खेत सिंह जयंती बड़ी धूमधाम से बीरेंद्र सिंह परिहार के निज निवास पर मनाई गई जिसमें माननीय न्यायाधीश मुनेंद्र वर्मा जी,सी.एल वर्मा जी,बरिष्ठ समाज सेवी जय श्री राम परिहार पूर्व कृषि विकास अधिकारी, राजेंद्र सिंह परिहार पूर्व मंडी निरीक्षक, सुरेश सिंह परिहार पूर्व कृषि विकास अधिकारी, कोमल सिंह परिहार प्राचार्य, ओमप्रकाश सिह शिक्षक, रामप्रकाश परिहार शिक्षक,एन.आर. खेगर, विश्वनाथ सिह परिहार ब्लॉक अध्यक्ष लहार,कमलेश सिह परिहार युवा मण्डल अध्यक्ष ब्लॉक लहार , मुन्ना सिह गुड्डू परिहार जिलाध्यक्ष,डॉ आर.डी. परिहार, मेघसिंह परिहार नायाब, सेवढा से रायसिंह परिहार नरेन्द्र सिंह परिहार,रामस्वरूप परिहार सरपंच दैपुरा, बलसिंह परिहार शिक्षक मौ,रौन से कुअर सिह परिहार ब्लॉक अध्यक्ष, जवरसिह परिहार अन्य सैकडो समाज भाई उपस्थित हुए।इस दौरान कार्यक्रम में आज शिक्षा और रोजगार पर विशेष बल दिया गया साथ ही उपस्थित सभी भाइयों द्वारा कुलदेवी माँ गजानन माता की स्थापना कराने का निर्णय लिया गया जिससे कमलेश सिह परिहार पुत्र श्री स्व.अमरसिंह परिहार ने अपनी निजी भूमि मे 1000वर्ग फीट भूमि माँ गजानन मंदिर के लिए दानपत्र करने की घोषणा की साथ सभी समाज बन्धुओं ने मंदिर बनाने हेतु सहयोग राशि देने की घोषणा की। सम्पूर्ण जानकारी एन आर खेंगर जी के द्वारा दी गई।

# नोडल अधिकारी ने देर रात्रि बस स्टैण्ड स्थित रैन बसेरा का किया निरीक्षण

एटा। नोडल अधिकारी दीपक कुमार, प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन, उत्तर प्रदेश शासन ने देर रात्रि रोडवेज बस स्टैण्ड पर नगर पालिका परिषद एटा द्वारा संचालित रेन बसेरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मुझे मिले व्यक्तियों से वार्ता कर रैन बसेरा में उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी की। नोडल अधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार रेन बसेरा संचालित किए जा रहे हैं, रैन बसेरा में शासन की मंशा के अनुरूप समस्त आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। बस स्टैंड के आसपास जनसामान्य को जागरूक किया जाए, यात्रियों को रैन बसेरा में ठहराने एवं रात्रि के समय में लगातार अलाव जलाने की भी व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी सुखलाल भारती, एसएसपी सुनील कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अजय प्रकाश, एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव कुमार, एडीएम प्रशासन विवेक कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर अबुल कलाम सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, कर्मचारी मौजूद रहे।






# समाजसेवा ने अग्रणी व्यक्तियों का हुआ सम्मान

**प्रेस नारायणलाल सैणचा**

मैसूरू। पाती फाउंडेशन द्वारा फिल्म अभिनेता डॉ.विष्णुवर्धन, गायक डॉ. एस. पी.बालसुब्रमण्यम, संगीत निर्देशक राजन- नागेन्द्र की स्मृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में सेवा देने वाले गणमान्य व्यक्तियो का सम्मान कार्यक्रम शारदा विलास विद्या संस्था के शतमानोत्सव भवन में आयोजित किया गया। पाती फाउंडेशन की प्रोडक्शन टीम द्वारा निर्मित फिल्म नन्ना हेसरू किशोर 7 पास 8 का ट्रेलर रिलीज किया गया। मुख्य अतिथि शहर भाजपा अध्यक्ष श्रीवत्स थे। डॉक्टर महेंद्र सिंह राजपुरोहित सहित 11 गणमान्यो का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पाती फाउंडेशन के पार्थसारथी, जीवधारा रक्तनिधी के निर्देशक गिरीश, रक्तदान महादान गौभक्त संगठन ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेन्द्र परिहारिया, विक्रम अयंगार, पृथ्वीसिंह चांदावत, चिरंजीलाल कुमावत मौजूद रहे।




**VISION 2030**

ग्वालियर शहर में पहली बार हर सेवा और वस्तु बहुत ही सस्ती

जियो रीचार्ज एक माह 199 वाला केवल 180 में।
आइडिया और एयरटेल का रीचार्ज केवल 225/- में 249 वाला।
किराना का सामान सबसे सस्ता।
HOME TUITION का डेमो फ्री वो भी 15 दिन।
केक केवल 180/- में फ्री HOME DELIVERY के साथ।
टिफिन सेंटर खाना बिल्कुल घर जैसा।
ऐसे ही 5 लाख प्रोडक्ट्स और 50 से ज्यादा सेवाएँ
बस एक कॉल या वॉट्सएप्प, हर सेवा आपके पास।
Only WHATSAPP 9425823988
call-9691937250/- 9516003221



## एक नजर....



### एमपी गजब है: सचिन तेंदुलकर मार्ग पर भैंस ने कर दिया गोबर, मालिक को देना पड़ा 10,000 रुपए का जुर्माना

**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर में नगर निगम के अधिकारियों द्वारा की गई अजीबोगरीब कार्यवाही चर्चा का विषय बनी हुई है। मामला यह है कि सड़क पर एक भैंस ने गोबर कर दिया तो नगर निगम ने भैंस के मालिक पर 10 हजार का जुर्माना ठोक दिया। इतना ही नहीं, भैंस के मालिक बेताल सिंह ने नगर निगम में जुर्माने की राशि 10,000 जमा कर रसीद कटवा ली है। इस मामला के सामने आने के बाद बेताल सिंह इस कदर डरा हुआ है कि वह मीडिया सामने आने से भी डर रहा है। मीडिया की टीम जब उसके पास पहुंची तो उसने बात करने से मना कर दिया। नगर निगम के क्षेत्र अधिकारी मनीष कनोजिया का कहना है कि शहर की सचिन तेंदुलकर मार्ग पर नई सड़क डाली जा रही थी। उसी दौरान वहां पर रहने वाले बेताल सिंह की भैंसें सड़क पर आ गईं और उसने गोबर कर दिया। उसी समय कलेक्टर और कमिश्नर का आना हुआ तो उन्होंने आदेश जारी कर दिया या तो इन भैसों को गौशाला छोड़कर आओ या फिर इनके मालिक पर जुर्माना किया जाए। इसी आदेश को लेकर हमने भैंस के मालिक पर 10000 का जुर्माना किया था। लेकिन सबसे रोचक बात यह है किस शहर में सैकड़ों की संख्या में आवारा पशु घूम रहे हैं, लेकिन नगर निगम के किसी भी अधिकारी का ध्यान उनकी तरफ नहीं जाता है। लेकिन अपने परिवार के लिए दो वक्त की रोटी की व्यवस्था करने वाले बेताल सिंह पर जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों ने छोटी सी गलती पर इतनी बड़ी सजा दे डाली।

### छिनौती करने वाला शातिर बदमाश मय तमंचे सहित एसओजी के हत्थे चढ़ा

#### मोबाइल बेचने झांसी ललितपुर आते समय दबोचा गया

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट क्षेत्र में छिनौती की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर बदमाश को पकडऩे में तालबेहट पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस टीम ने महत्वपूर्ण सफलता हांसिल की है। मामले का पटाक्षेप करते हुये पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों को जानकारी दी।एसपी ने बताया कि पकड़े गये बदमाश के पास से एक हजार रुपये, मोबाइल व मोटर साइकिल के साथ देशी तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि 21 दिसम्बर को कोतवाली तालबेहट के थाना बांसी निवासी बृजेश कुमार पुत्र छिदामी कुशवाहा ने धारा 356, 379 दर्ज कराया था। जिसके शीघ्र पटाक्षेप के लिए एसओजी व सर्विलांस टीम को तालबेहट पुलिस के साथ निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में एएसपी डा.बृजेश कुमार व सीओ तालबेहट देवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस ने विवेचना शुरू की। पुलिस अपराधियों को पकडऩे के लिए हाई-वे पर गश्त कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक बदमाश मोबाइल बेचने के लिए झांसी से ललितपुर जा रहा है। पुलिस ने सक्रियता से टीव्हीएस की आती हुयी बाइक को रोका, पुलिस को देखकर उक्त बदमाश भागने की फिराक में था, कि पुलिस ने उसे दबोच लिया। मौके पर मौजूद तालबेहट कोतवाल मनोज वर्मा, एसओजी प्रभारी जितेन्द्र सिंह चंदेल ने पकड़े गये व्यक्ति से पूछताछ की तो पकड़े गये युवक ने अपना नाम महानगर झांसी के थाना सदर बाजार अंतर्गत मथुरा नगर सिमरा निवासी रविन्द्र राय पुत्र स्व.लक्ष्मीनारायण राय बताया। रविन्द्र की जेब से एक कारतूस 315 बोर व एक तमंचा बरामद किया गया। जब उससे पूछताछ की गयी तो बताया कि वह अपने साथी तालबेहट के हजारिया मंदिर टपरियन कुआ के पास रहने वाले धर्मेंद्र पुत्र लक्ष्मीनारायण अहिरवार के साथ एक पर्स कुछ दिनों पहले छीना था, पर्स में दो हजार रुपये व एक मोबाइल मिला था, जिससे बटवारा कर लिया था। अब मोबाइल बेचने के लिए ललितपुर आ रहा था। पुलिस को मिली इस महत्वपूर्ण सफलता पर पुलिस अधीक्षक ने टीम का उत्साहवर्द्धन करते हुये 25 हजार का ईनाम की घोषणा की।

### आयुक्त ने शहर में पैदल घूमकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

ललितपुर। आयुक्त झांसी सुभाषचन्द्र शर्मा ने संध्याकाल में नगर क्षेत्र में घण्टाघर चौराहे का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि निर्धारित समय पर घण्टाघर चौराहे पर अलाव नहीं जल रहा है। इस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्धारित समय पर अलाव जलवाने के निर्देश दिये। मौके पर मौजूद नगरवासियों द्वारा आयुक्त को अवगत कराया गया कि नगर पालिका की बिल्डिंग में शौचालय में बहुत गंदगी है। इस पर आयुक्त ने ईओ को शौचालयों में नियमित रुप से सफाई कराने के निर्देश दिये। बाजार के निरीक्षण में पाया गया कि एक ज्वैलर्स द्वारा जबरन सड़क पर अतिक्रमण किया गया था, इस पर ईओ को अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये गए। इसके उपरान्त आयुक्त ने घण्टाघर से शनीचरा चौराहा तक व्यापारियों से वार्ता कर उनका हालचाल जाना, साथ ही बाजार के कपड़ा व्यापारियों से बाचार के संचालन के बारे में पूछताछ की, जिस पर व्यापारियों द्वारा बताया गया कि कोरोना के कारण बाजार मंद चल रहा है। मौके पर सड़क किनारे सब्जी की रेड़ी लगाने वाली महिलाओं से बातचीत के दौरान पूछा गया कि उनके किसी प्रकार की पैसों की वसूली तो नहीं होती, जिस पर उनके द्वारा बताया गया कि किसी प्रकार की वसूली नहीं होती है। इसके उपरान्त एक महिला की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक को 15 दिवस के भीतर समस्या का निस्तारण कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। आयुक्त ने ईओ को निर्देश दिये कि वे शहर में छुट्टा घूम रही गायों को समीपस्त गौशाला में भेजें, साथ ही नगरवासियों से अपील की कि वे मास्क का प्रयोग अनिवार्य रुप से करें। मौके पर घण्टाघर की सीडिय़ों पर बैठी बेसहारा महिला को रैनबसेरा में भेजने के निर्देश ईओ को दिये गए। मौके पर जिलाधिकारी अन्नावि दिनेशकुमार, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार मिश्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बिरधा में बनवाया जायें आईटीआई कालेज व राबाइंका - एड.मुकेश करमरा

बिरधा(ललितपुर)। तहसील ललितपुर के अन्तर्गत आनें बाले ग्राम बिरधा में शासकीय बालिका इण्टर कालेज एवं आई टी आई कालेज खोले जाने की मांग मण्डलायुक्त झांसी से की गयी। विदित है कि पिछले दिनों कमिश्नर जनपद के भ्रमण पर आये थे तथा बिरधा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता एड.मुकेश करमरा ने बिरधा में आईटीआई कालेज एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज खोले जाने की मांग एवं ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि बिरधा क्षेत्र के आस पास करमरा, कैथोरा, ठगारी, पटौआ, हरपुरा, नीमखेरा, मगरपुर, बछ्लापुर, गौना, नाराहट, उमारिया, बंगरिया, डोंगराकलां, पाली आदि कई गांव लगे हुये हैं। आस पास बालिका इण्टर कालेज न होने के कारण बालिकाओं को शिक्षा के लिए परेशानियां का सामना करना पड़ता है, तथा आगें की पढाई नही कर पातीं है।

# लव जिहाद: मप्र मंत्रिमंडल ने धार्मिक स्वतंत्रता अध्यादेश-2020 को मंजूरी दी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल ने कथित लव जिहाद के खिलाफ मंगलवार को मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अध्यादेश-2020 को मंजूरी दे दी। इस अध्यादेश के जरिए शादी तथा किसी अन्य कपटपूर्ण तरीके से किए गए धर्मांतरण के मामले में अधिकतम 10 साल की कैद का प्रावधान किया गया है।



मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मध्यप्रदेश के कानून एवं गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने यहां संवाददाताओं को बताया, मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक-2020 को मंगलवार को अध्यादेश के रूप में मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, इस अध्यादेश को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के पास उनकी स्वीकृति के लिए भेजा गया है और उनकी मंजूरी मिलते ही यह कानून के रूप में प्रदेश में लागू हो जाएगा। मिश्रा ने बताया, मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अध्यादेश-2020 सहित कई अन्य अध्यादेशों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि इन विधेयकों को कोविड-19 की मौजूदा स्थिति के चलते 28 दिसंबर से शुरू होने वाले मध्यप्रदेश विधानसभा के तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र के स्थगित हो जाने से सदन में पेश नहीं किया जा सका।

### क्वकी तरह अब स्वकमें भी लव जिहाद के खिलाफ अध्यादेश, शिवराज कैबिनेट ने दी मंजूरी, जानें सजा का क्या है प्रावधान

भोपाल। उत्तर प्रदेश की तरह ही अब मध्य प्रदेश में लव जिहाद के खिलाफ कानून होगा। मध्य प्रदेश की भाजपा नीत शिवराज सरकार ने लव जिहाद के खिलाफ उत्तर प्रदेश की तर्ज पर सख्त कानून बनाने के लिए मंगलवार को अब मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अध्यादेश-2020 को मंजूरी दे दी। इस अध्यादेश के जरिए शादी तथा किसी अन्य कपटपूर्ण तरीके से किए गए धर्मांतरण के मामले में अधिकतम 10 साल की कैद एवं एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार रात को संवाददाताओं को बताया था, मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक-2020 समेत जितने भी विधेयक विधानसभा सत्र स्थगित होने के कारण हम सदन में नहीं ला पाए, कल मंगलवार (आज) को मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में अध्यादेश के माध्यम से उन्हें लागू करेंगे। उन्होंने कहा, मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कानून तत्काल प्रभाव से लागू हो जायेंगे।गौरतलब है कि मध्यप्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल ने कथित लव जिहाद के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए 26 दिसंबर को मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक-2020 को मंजूरी दी थी। इस विधेयक में शादी तथा किसी अन्य कपटपूर्ण तरीके से किए गए धर्मांतरण के मामले में अधिकतम 10 साल की कैद एवं एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।



### कोरोना वायरस के 853 नए मामले सामने आए, 10 और मौतें

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 853 नए मामले सामने आए और इसके साथ ही प्रदेश में इस वायरस से अब तक संक्रमित पाये गये लोगों की कुल संख्या 240081 तक पहुंच गई। राज्य में पिछले 24 घंटों में इस बीमारी से 10 और व्यक्तियों की मौत की पुष्टि हुई है जिससे मरने वालों की संख्या 3582 हो गई है। मध्य प्रदेश के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया, पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण से इंदौर में चार, भोपाल एवं ग्वालियर में दो और जबलपुर एवं रायसेन में एक-एक मरीज की मौत की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया, राज्य में अब तक कोरोना वायरस से सबसे अधिक 867 मौत इंदौर में हुई है, जबकि भोपाल में 573, उज्जैन में 101, सागर में 147, जबलपुर में 240 एवं ग्वालियर में 199 लोगों की मौत हुई हैं। बाकी मौतें अन्य जिलों में हुई हैं। अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में मंगलवार को कोविड-19 के 258 नए मामले इंदौर जिले में आये, जबकि भोपाल में 125 नए मामले आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 240081 संक्रमितों में से अब तक 226904 मरीज स्वस्थ होकर घर चले गये हैं और 9595 मरीज़ों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को 1,122 रोगियों को ठीक होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई।

#### (2022) में सपा सरकार बनने पर वापस लिए जाएंगे

## सीएए के खिलाफ प्रदर्शनकारियों पर दर्ज हुए मुकदमे

सपा कार्यालय में अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एलान किया कि यूपी में 2022 में सपा की सरकार बनने पर नागरिकता संशोधन कानून व एनआरसी के खिलाफ प्रदर्शन करने वालों पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस लिए जाएंगे। वहीं, उन्होंने विधानसभा चुनाव 2022 में छोटे दलों को साथ लेकर चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि छोटे दलों के लिए सपा ने अपने दरवाजे हमेशा खुले रखे हैं। अखिलेश ने दावा किया कि वर्ष 2022 में सपा की ही सरकार बनेगी।

**मुनव्वर राना की बेटी सपा में शामिल** –ये बातें अखिलेश यादव ने मंगलवार को लखनऊ स्थित सपा कार्यालय पर मीडिया को संबोधित करते हुए कही। इसके पहले उनकी मौजूदगी में कवि व शायर मुनव्वर राना की बेटी सुमैया राना सहित विभिन्न दलों के कई नेताओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। भारत का नं 1 तेल जो बालों को फिर से सिर्फ एक हफ्ते में उगाता है। समाजवादी पार्टी में शामिल होने वालों में गोंडा से बसपा के लोकसभा प्रत्याशी रहे मसूद आलम खां, बसपा के लाल चंद्र गौतम व खुदी राम पासवान सहित कई नेता व कार्यकर्ता रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि तमाम दलों के लोग सपा में शामिल हो रहे हैं और बहुत से लोग शामिल होना चाहते हैं। कई छोटे दल भी हमसे जुड़ना चाहते हैं इसलिए हम 2022 में छोटे दलों के साथ मिलकर सरकार बनाएंगे।

**विरोध में उठने वाली आवाज दबा रही है भाजपा सरकार**–अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विरोध में उठने वाली हर आवाज को दबाने के लिए विरोधियों पर झूठे मुकदमे लगा रही है। यह सरकार जब तक नहीं जाएगी तब तक लोकतंत्र नहीं बच सकता।

## स्वकार निर्धारण को अवैध व शून्य प्रक्रिया निरस्त करने की उठायी मांग

ललितपुर। मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों ने शहर में बाइक रैली निकालकर स्वकरण प्रणाली को अवैध व शून्य प्रक्रिया निरस्त किये जाने के साथ ही नियमानुसार फिर से संशोधित सूची जारी किये जाने की

#### नियमानुसार फिर से संशोधित सूची जारी किये जाने की मांग, व्यापारियों ने बाइक रैली निकालकर जताया विरोध, ईओ को भेजा ज्ञापन

मांग उठायी। व्यापारियों ने इस सम्बन्ध में लामबंद होकर ईओ नगर पालिका को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बताया कि शासनादेश अनुसार स्व मूल्याकंन प्रणाली को प्रभावी किया जाये। 29 अप्रैल 2011 की प्रक्रिया को सर्किल मूल्य को सूची प्राप्त की गयी तथा प्रति वर्गफुट दर निर्धारित करने के लिए समिति गठित कर सूची तैयार की गयी। बताया कि यह अधिसूचना निर्धारित तिथि से कम समय शेष होने पर व्यापारी नेता महेन्द्र मयूर, आनंद मालवीय व प्रदीप त्रिपाठी को प्राप्त हुयी। इसे लेकर 20 मई को बैठक में सुनवाई में नगर पालिका व उनके अधिवक्ता द्वारा तय किया गया कि



उपरोक्त आपत्तियां शासन को संदर्भित की जायें और मार्गदर्शन प्राप्त होते ही अमल में लायी जायें। लेकिन मार्गदर्शन अथवा निराकरण नहीं किया गया। आपत्तियां जो समय सीमा के अंदर प्रस्तुत की गयीं, उन पर सुनवाई नहीं हुयी और न ही निस्तारण किया गया। इन सभी को दरकिनार करते हुये अधिसूचना गजट प्रस्तुत कर स्वकर प्रणाली को लागू कर दिया गया। आरोप है कि आपत्ति निस्तारण के संदर्भ में सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचना दिये बिना फर्जी कार्यवाही करते हुये बैकडेटिंग करते हुये जनसूचना में फर्जी कागज तैयार कराये गये, जो गलत है। स्वकर प्रणाली को 2014-15 से लागू किया जाना बताया गया, जबकि निर्धारण सूची वर्ष 2009-10 का अधिप्रमाणीकरण 3 जनवरी 2012 को किया गया। अनेकों बार होने वाली बैठकों में द्वेषभावना वश समस्या का निराकरण नहीं हो सका। वर्ष 2017 में नगर पालिका के चुनाव हुये और पुरानी निर्धारित दरों व व्यवस्था से नपा द्वारा गृहकर का बताया धनराशि लेकर अदेयता प्रमाण पत्र जारी किये गये, जो कि गलत हैं। इसके अलावा अन्य बिन्दुओं को भी ज्ञापन के जरिए दशार्या गया। इस दौरान प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेन्द्र मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, आनंद मालवीय, केदारनाथ तिवारी, अनिल जैन, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेन्द्र सतभैया, डा.प्रीतम सराफ, डा.राजकुमार जैन, जिनेन्द्र पंसारी, लखनलाल अग्रवाल, अशोक अनौरा, सतीश, पंकज बिरधा, अभय जैन, आलोक जैन, पूर्व विधायक राजेश खैरा, बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू, डा.विकास जैन, पत्रकार सुनील शर्मा, रिक्की पटना, राकेश राजा नेहरू नगर, विजय साहू, दीपक सिंघई बॉबी, मनीष पार्षद, अंकित सतभैया, रितिक शुक्ला मोन्टी, स्वदेश गोयल, दीपक शुक्ला, अभिलाष मेडीकल, कल्लू शुक्ला, अनुरुद्ध चौहान, रानू तिवारी, मनोज राठौर, अज्जू झां, अभिषेक साहू, दिनेश नायक, सचिन शुक्ला, अशोक, कोमल पाल, मनीष खटीक, नारायण कुशवाहा, दीपक पाल, अजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## किसानों के हित में नहीं है कृषि संशोधन बिल : रामप्रताप सिंह

#### मोहल्ला रैदासपुरा में चौपाल लगाकर किया जागरूक



ललितपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान व जिलाध्यक्ष तिलक यादव एड. के नेतृत्व में किसानों के समर्थन में जनपद भर में किसान चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन दर्जनों ग्रामीण अंचलों में पहुंच कर समाजवादी कार्यकर्ता व पदाधिकारी किसानों को कृषि बिल से होने वाली हानियों को समझा कर उन्हें जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में शहर क्षेत्र के मोहल्ला रैदासपुरा में युवा सपा नेता रामप्रताप सिंह के नेतृत्व में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। यहां अलाव के साथ किसान चौपाल में शहरी क्षेत्र के आसपास खेतों में उपज पैदा करने वाले किसानों को बताया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा कृषि बिल में संशोधन कर न्यूनतम समर्थन मूल्य का प्रावधान हटाते हुये भण्डारण की क्षमता का मानक क्या होना चाहिए इसे हटा दिया है। जिससे अब किसान अपनी उपज का मूल्य तो तय करेगा, लेकिन खरीद करने वाले अपने मनमाफिक मूल्य निर्धारण करेंगे, जिससे बेवश होकर किसानों को अपनी उपज को औने-पौने दामों पर बेचना पड़ेगा। किसानों की आय को दोगुना करने का दावा करने वाली केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति को और बद से बदत्तर बनाने के लिए यह कानून लाये हैं। इसलिए उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वह जागरूक होकर इस बिल का विरोध करें और सड़क से लेकर संसद तक किसानों की लड़ाई में समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी है। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक रामप्रताप सिंह, अनिल कुमार(व्यवस्थापक), शाकिर अली, हेमंत जैन, रामदास श्रोतीय, गुरु मालवीय, विक्रम यादव, आकिब मंसूरी, विशाल राठौर, गौरव विश्वकर्मा, संतोष अहिरवार, महेश रजक, रज्जू माते, सुनील कुमार, मनोज करौसिया, घनश्याम कुशवाहा, राजू बाल्मीकि, संजू बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

#### जयपाल सिंह यादव को समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप जी की अनुमति से समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अशोक साहू बानपुर ने ग्राम सूरी निवासी जयपाल सिंह यादव के लिए समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है जिस पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता जताते हुए कहां की जयपाल सिंह यादव को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का जिला उपाध्याय जाने पर जिले में समाजवादी पार्टी मजबूत होगी ।

# नशे में अपनी माँ से करना चाहता था शादी

### विरोध करने पर सिर पर पटक दिया था पत्थर, कलयुगी पुत्र को पुलिस ने लिया हिरासत में, देवगढ़ रोड पर महिला की हत्या का मामला

ललितपुर। बीती 12 सितम्बर को रेलवे स्टेशन से देवगढ़ रोड़ जाने वाले मार्ग पर एक महिला इमरती बाई (जीरोंन वाली) की अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर पर पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में पुलिस ने आज महत्वपूर्ण सफलता हांसिल करते हुये मृतका के पुत्र को हिरासत में लिया है। मामले की जानकारी देते हुये एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि थाना कोतवाली में मृतका के पुत्र सचिन की तहरीर पर मु.अ.सं. 758/20 धारा 304 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। मामले के शीघ्र पटाक्षेप को लेकर एएसपी डा.बृजेश कुमार सिंह, सीओ सदर केशवनाथ के निकट पर्यवेक्षण में एसओजी, सर्विलान्स व कोतवाली पुलिस को हत्याकाण्ड के अनावरण हेतु लगाया गया।

घटना का अनावरण करने के दौरान मृतका के पुत्र द्वारा पुलिस को विभिन्न बिन्दुओं पर गुमराह करते हुए विभिन्न पहलुओं में भटकाने का प्रयास किया गया। परन्तु पुलिस टीम द्वारा गहनता से हत्याकांड की छानबीन करने पर ज्ञात हुआ कि घटना वाले दिन मृतका व उसका पुत्र ग्राम जीरोन से ललितपुर जिला अस्पताल आये हुये थे व वापस लौटते समय देर रात्रि हो जाने के कारण किसी टैक्सी आदि का साधन न मिल पाने के कारण कृष्णा मेडिकल सेन्टर



देवगढ़ रोड़ ललितपुर सड़क के किनारे लेट गये थे। घटना वाले दिन मृतका के पुत्र सचिन ने देर रात्रि अत्यधिक शराब का सेवन कर लिया था। उस रात्रि सचिन ने शराब के नशे में अपनी मां से अपनी शादी कराने के लिए कहा था, जिस पर मृतका ने डांटकर अभी उसकी शादी नहीं कराने को कहा। मृतका के पुत्र को यह बात नागवार गुजरी, जिस पर उसने आवेश में आकर अपनी मां के सिर पर पत्थर से वार कर दिया। कुछ देर बाद शराब का नशा कम होने पर हत्यारा सचिन अपनी मां को इलाज हेतु टैक्सी से जिला अस्पताल ले आया। जहां पर डॉक्टरों द्वारा सचिन की मां इमरती बाई (जीरोंन वाली) को मृत घोषित कर दिया गया। बताया कि 29 दिसम्बर 2020 को समय लगभग 13.55 बजे उपरोक्त टीम द्वारा घटना कारित करने वाले अभियुक्त सचिन पुत्र बच्चू लाल अहिरवार निवासी बम्हराना थाना नाराहट को मुखबिर की सूचना पर देवगढ क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। अपराधी को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ला, एसओजी प्रभारी जितेन्द्र सिंह चंदेल, सर्विलांस प्रभारी गुलाम हुसैन, उप निरीक्षक राजबाबू क्रिमिनल इंटेलीजेंस बिंग प्रभारी, उप निरीक्षक मनोज कुमार, हे.कां.शत्रुन्जय सिंह, अरूण त्रिपाठी, देवेन्द्र कुमार, अमित पाठक, रविन्द्र प्रताप सिंह, रंजीत कुमार शामिल रहे।

## सम्पादकीय

### वैक्सीन की तैयारी

जब कोरोना वैक्सीन करीब है, तब उसकी तैयारियों को अंतिम रूप देने की कवायद उपयोगी और जरूरी है। केंद्र सरकार ने देश के चार राज्यों के आठ जिलों को वैक्सीन अभियान के पूर्वाभ्यास के लिए चुना है और सोमवार-मंगलवार को पूरे प्रशासन को इस अभ्यास को पुख्ता करने में लगा दिया गया है। पूर्वाभ्यास के समय जो कमियां नजर आएंगी, उन्हें दूर करके वैक्सीन का एक पुख्ता तंत्र तैयार किया जाएगा। केंद्र ने देश के चारों कोनों के एक-एक राज्य को पूर्वाभ्यास के लिए चुना है। उत्तर में पंजाब, पूरब में असम, दक्षिण में आंध्र प्रदेश और पश्चिम में गुजरात के दो-दो जिलों को चुना गया है। चुने गए प्रत्येक जिले में पांच-पांच जगहों पर यह पूर्वाभ्यास किया जाएगा। किसी भी बड़े अभियान के पहले मशीनरी का परीक्षण बहुत जरूरी होता है। गौरतलब है कि आने वाली वैक्सीन न सिर्फ मूल्यवान, बल्कि जीवनरक्षक भी होगी। इसे विशिष्ट वस्तु के रूप में देखा जा रहा है और तमाम तरह की सुविधाओं के बीच इसे रखा जाना है। केवल स्वास्थ्य महकमे की ही नहीं, विशेष रूप से पुलिस महकमे की भी कदम-कदम पर जरूरत पड़ेगी। शायद पूरे जिला प्रशासन को अभियान में लगना पड़ेगा। इस पूर्वाभ्यास के दौरान प्रशासन अपनी क्षमताओं को परखेगा। वैक्सीन अभियान के हर चरण में लोगों की भूमिका तय की जाएगी। डॉक्टर से लेकर नर्स तक, बड़े अधिकारी से लेकर ड्राइवर और सर्वे करने वाले से पुलिसकर्मी तक, हरेक व्यक्ति को जिम्मेदारी देकर आजमाया जा रहा है। किसी भी संभावित प्रतिकूल स्थिति से कैसे निपटना है, यह अगर पहले ही समझ लिया जाए, तो बेहतर है। हालांकि, उन जिलों की परिस्थिति का अध्ययन जरूरी है, जो ज्यादा अभावग्रस्त हैं। हर राज्य में कुछ जिले संपन्न और कुछ अपेक्षाकृत पिछडे होते हैं, अतः किसी भी ऐसी तैयारी में पिछड़े जिलों का विशेष रूप से ध्यान रखना होगा। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में ऐसे जिले भी होंगे, जहां सुरक्षाकर्मियों की संख्या कम होगी। चिकित्सा का मूलभूत ढांचा भी नहीं होगा, अर्थात वैक्सीन अभियान के पैमाने तय करते समय विशेष सावधान रहना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने अपने स्तर से जिला स्तर तक बुनियादी ढांचे की पूरी योजना तैयार कर ली है। लगभग हरेक जिले में वैक्सीन की तैयारी चल रही है। हरेक जिला अस्पताल में वैक्सीन भंडार का निर्माण किया जा रहा है। विभिन्न स्तरों पर वैक्सीन अभियान के क्रियान्वयन के लिए चिकित्सा अधिकारियों, वैक्सीनेटर, वैकल्पिक वैक्सीनेटर, कोल्ड चेन हैंडलर, पर्यवेक्षक, डाटा प्रबंधक, समन्वयक और अन्य सभी के लिए विशिष्ट प्रशिक्षण और कार्य का मसौदा तैयार है, जिसे वैक्सीन आते ही लागू कर दिया जाएगा। करीब 29 हजार कोल्ड चेन पॉइंट, 240 वॉक-इन कूलर, 70 वॉक-इन फ्रीजर, 45 हजार आइस-लाइनेड रेफ्रिजरेटर, 41 हजार डीप फ्रीजर्स, 300 सोलर रेफ्रिजरेटर तैयार हैं। राज्यों की पूरी मदद की जा रही है, लेकिन असली परीक्षा तो इस वैक्सीन अभियान में शामिल कर्मियों व जनसेवकों की निष्ठा और कार्यकुशलता की होगी। ढांचा खड़ा कर देना ही पर्याप्त नहीं है। हमने कोरोना के समय देखा है, मूलभूत ढांचा होने के बावजूद कई जगह मरीजों की सही सेवा नहीं हो सकी है। इसलिए सुनिश्चित करना होगा कि वैसी ही स्थिति वैक्सीन अभियान के समय कहीं न बनने पाए।

# खुश रहने की कला

दुनिया खूबसूरत चीजों से भरी है। लेकिन उस खूबसूरती का लाभ तभी ले पाएंगे जब आपको खुशी की समझ हो। इसलिए खुशी में मन रमाएं। जब आप खुशी की कद्र करने लगेंगे तो आपको इससे ऐसी खुशी मिलने लगेगी, जैसी भूख लगने पर स्वादिष्ट भोजन से मिलती है। धन्यवाद की आदत सकून व राहत देती है। इसलिए दिन के किसी भी समय ईश्वर को याद करना न भूलें। उन्हें इस अमूल्य जीवन देने के लिए धन्यवाद दें। संवेदनशील बनें। हृदय के दरवाजे खोल कर रखें। दूसरों के सुख-दुख को महसूस करें और उनमें शामिल हों। स्नेह, प्यार, मित्रता, रिश्ते आदि सुख और खुशी देते हैं। हम जीवन में जो भी करते हैं, खुशी पाने के लिए करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से खुश रहना काफी मुश्किल काम लगता है। हमें लगता है कि खुश रहने के लिए कुछ खास तरह के हालात होने चाहिए, तभी हम खुश रह सकते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। सद्गुरु बता रहे हैं कुछ आसान से नुस्खे जिन्हें अपना कर हर हाल में, हम खुश रह सकते हैं। अपनी दिनचर्या की छोटी-छोटी चीजों में आनंद ढूंढें। बिस्तर की सफाई, भोजन के स्वाद, कपड़ों के रंग और डिजाइन, घर से दफ्तर का सफर हर जगह खुशियों को तलाशें। मन प्रसन्न हो तो सेहत भी अच्छी रहती है, खुश रहने के लिए ये सुझाव अपनाएं। अपनी सोच सकारात्मक रखें और ऐसे लोगों के साथ रहें, जिनसे आपको प्रेरणा मिल सके। खुश रहना चाहते हैं और अपने रिश्तों को बरकरार रखना चाहते हैं, तो सबसे पहले हर बात पर बिना जाने दख़ल देना बंद कर दें। इससे आप हमेशा खुद को खुश महसूस करेगें। अगर आप लाइफ में हमेशा खुश रहना चाहते हैं, तो सभी लोगों से एक मुस्कान के साथ बात और दोस्ती करें। इससे जहां आपको नए दोस्त मिलेगें, जिनसे आप वक्त-वक्त पर कई सारी चीजें सीख सकते हैं। इसके अलावा दोस्ती करने से छोटी-बड़ी परेशानियों को हल करने में भी मदद मिलती है।



**एक उदाहरण**–एक बार एक दुखी व्यक्ति अपने जीवन के दुखों से परेशान होकर महात्मा बुद्ध के पास गया और उनके कदमों में गिरकर बोला -हे महात्मन मैं अपनी जिंदगी की समस्याओं से तंग आ गया हूं। एक समस्या निपटाता हूं तो दूसरी समस्या आ जाती है, दूसरी को निपटाना हूं तो तीसरी समस्या खड़ी हो जाती है। मैं तो बिल्कुल परेशान हो चुका हूं। मैंने सुना है कि आप महाज्ञानी और ईश्वर के परम भक्त हैं इसलिए मैं आपके पास आया हूं।अब आप ही कोई ऐसा उपाय बताईए। जिससे मेरी सारी समस्याएं बिल्कुल समाप्त हो जाए। महात्मा बुद्ध बोले- ठीक है ?उपाय तो मैं बता दूंगा, परंतु अभी नहीं कल बताऊंगा। मगर इसके लिए तुम्हें मेरा एक काम करना होगा। तुम्हें आज रात मेरे ऊंटों के बसेरे में पहरा देना होगा और जब सभी ऊंट बैठ जाए तो तुम भी सो जाना। मगर ध्यान रहे जब तक एक भी ऊंट खड़ा रहे सोना मत। वह व्यक्ति बोला- ठीक है। फिर वह व्यक्ति वहां से चला गया। दूसरे दिन सुबह जब वह व्यक्ति महात्मा बुद्ध के पास आया तो महात्मा बुद्ध उसकी लाल-लाल आंखें देखकर बोले- लगता है तुम रात भर सोए नहीं हो। वह व्यक्ति बोला- हां महात्मन मैं रात भर सो नहीं पाया क्योंकि वहां तो सैकड़ों ऊंट थे। एक उंट बैठता तो दूसरा खड़ा हो जाता, दूसरा बैठता तो तीसरा खड़ा हो जाता। रात भर में कभी भी सभी उंट एक साथ बैठे ही नहीं इसलिए मैं रात भर जागता रहा। महात्मा बुद्ध बोले- बिल्कुल इसी तरह हमारी जिंदगी है। जिंदगी की समस्याएं कभी खत्म नहीं होती होगी क्योंकि समस्याएं हमारी जिंदगी के महत्त्वपूर्ण अंग हैं। इसलिए अगर तुम अपनी जिंदगी में खुश रहना चाहते हो तो? तुम्हें इन समस्याओं में ही खुश रहना होगा क्योंकि फूलों का राजा गुलाब भी कांटो के बीच ही खिलता है। जैसे कमल का फूल कीचड़ में खिलता है उसी तरह तुम्हें भी समस्याओं के बीच में ही खुश रहना सीखना होगा। धैर्य और संतोष के साथ जिंदगी जीना सीखना होगा। तभी तुम अपनी जिंदगी में खुश रह पाओगे। हर बात में हँसी है, हर बात में खुशी है । अन्तर केवल हमारे सोचने और समझने का है । यदि हम प्रयास करें तो अपने चारों ओर बिखरी खुशियों को संचित कर सकते है । सभी को अपना बनाते चलें। खुशियाँ और गम मिलकर बांटे क्योंकि हम प्राय : सुनते है कि खुशी बाँटने से दुगनी होती है और गम बाँटने से आधा रह जाता है । जितना हो सके, दूसरों को खुशी देने के विषय में सोचें, उस से हमें एक अद् भुत आनन्द की प्राप्ति होगी ।

**पायल बेदी**
**अंबाला**

## बढते चलो



शिकस्त मिले जीवन पथ पर, पर रूको नहीं बढ़ते चलो
क्या छूट गया क्या पाओगे ये? सोचो नहीं बस चलते चलो
नये रिश्ते कुछ जुड़ जायेंगे, हैं अपने वो? बिछड़ जायेंगे
मिलेंगे कुछ अनुभव नये, सीखते हुए दिन निकल जायेंगे
माना कुछ यादों के सिलसिले जारी रहते हैं जीवन भर
पर जीवन कहां रुकता है कभी तो भूलो सब और बढ़ते चलो
फैला कर इकछाओ के पंख निकलो अपने आसमान में
छोड़ो गुजरी बातों को उड़ते चलो, बढ़ते चलो
कुछ वादे थे जो निभे नहीं, कुछ सपने थे जो मिटे नहीं
पर बदल गया है सबकुछ अब तो भूलो सब और चलते चलो
जी चुके हो अपने लिए तो जी लो थोड़ा सबके लिए
वक्त गुजर रहा है अब सोचो नहीं ? चलते चलो
शिकस्त मिले जीवन पथ पर,पर रुको नहीं बढ़ते चलो
क्या खोया क्या पाओगे ये सोचो नहीं बस चलते चलो।।

**शारदा बरसैंया**
**(मनेंद्रगढ़)**

## नया साल

नए साल की नई उमंगें
नई तरंगें लेकर
आओ फिर से जी लें अब हम
जीवन में रस लेकर
बीता है यह साल बहुत ही
कष्टों में हम सबका
गंवा दिया जीवन कितनों ने
मानव मन है भटका
लेकिन सब कुछ भुला नई
शुरुआत करें हम उठकर
आओ फिर से जी लें अब हम
जीवन में रस लेकर
क्या पाया है क्या खोया है
सोच बड़ा है भारी



कुदरत के दण्डों के आगे
मानवता भी हारी
फिर भी आगे बढ़ना है अब
हमको सब कुछ सहकर
आओ फिर से जी लें अब हम
जीवन में रस लेकर
हार नहीं जाना है हमको
यथा व्यथा से अपनी
हो चाहे जितनी भी भीषण
धरती लगती तपनी
गंगा जैसा पावन बनना है
हमको अब बहकर
आओ फिर से जी लें अब हम
जीवन का रस लेकर

**रंजना मिश्रा**
**कानपुर उप्र**

## साल 2020



बहुत कुछ देखा बहुत कुछ झेला
अपनों से अपने बिछड़ गए ऐसा था मेला
इस साल व्यक्ति रह गया तन्हा अकेला
प्रकृति का चक्रव्यू और महामारी का झमेला।
कड़वी यादों का पिटारा लगा है मेरे हाथ
पूरे बरस गमों को समेटा और कुछ नहीं ख़ास
हर किसी का दर्द दिल की किताब पर छप गया
रूह भी कांपने लगी जब मिला नहीं किसी का साथ।
साल के अंतिम घड़ी में सोच रही हूं आज
दोबारा ना देखे यह मंजर खत्म हो दर्द की रात
बहुत कुछ सीखा परखा इन बीते दिनों से
दबे हुए थे अंतर्मन में निकले वह जज्बात।
नव वर्ष का आगमन हो खुशियों के पलों से
खत्म हो दूरियां हर इंसान के दिलों से
गमों की परछाई मिट जाए आने वाले समय से
बिछड़ने का गम निकल जाए इंसान के खयालों से।।

**रीमा सिंघल**
**ग्वालियर (मध्य-प्रदेश )**

## नया वर्ष शुभ हो

कहीं कहीं धुंध-धूप ।
कहीं कोहरा छाया है ।।
नया वर्ष आया है ।
रंग-रंग फूल खिले-
कलियां मुस्काई है।
नई किरन सूरज की
खुशियाँ भर लाई हैं।
झूमें सब मस्ती में-
मौसम इठलाया है।
नया वर्ष आया है।।
हंसते-इठलाते गाते-
मुस्काते आते हैं।
प्यार लुटाते सब पर-
गीत नया गाते हैं।
मंगलमय साल नया-
चिडियों ने गाया है।
नया वर्ष आया है।।



**मौलिक**
**अप्रकाशित**
**नाम-शिवम सिंह-कानपुर**

**न्यू ईयर का इंतजार 2020 को अलविदा कहने का बक्त, 2021 का इंतजार**

# सियासत में पीछा करते तीखे सवाल

बीतता दशक बड़े राजनीतिक बदलावों का दशक रहा है। 1989 से 2014 तक 25 साल का एक सिलसिला था, जब मिली-जुली सरकारों ने शासन किया। वह एक तरह से अल्पमत की ही सरकारें थीं। बीतते दशक में ऐसा लग रहा है कि हम फिर एकदलीय सरकार के युग में वापस चले आए हैं। विगत दशकों में कई दिग्गज प्रधानमंत्री रहे हैं, लेकिन यह कहना होगा कि इंदिरा गांधी के बाद पहली बार इस तरह के एक अभ्यस्त राजनेता नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, जिन्हें इसी दशक में लगातार दो बार बहुमत मिला है। अखिल भारतीय स्तर पर उन्हें एक जननेता माना जा सकता है, जिनका राजनीति और प्रशासन पर मजबूत प्रभाव है। एकदलीय सरकार की वापसी और एक दिग्गज नेता का उत्थान इस दशक के दो बड़े बदलाव हैं। बेशक, साल 2014 के बाद सियासी हालात बहुत बदले हैं। इस दशक के खत्म होते-होते राजनीति भी निशाने पर आई है। स्पष्ट है, पहले जो आर्थिक विकास दर थी, उसमें कमी आई है। इसका परिणाम यह हुआ है कि जिस तरह से लोगों को पहले ऋण मिलते थे, अब नहीं मिल रहे। बैंक भी ऋण वसूली पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। उत्तर से दक्षिण तक अनेक छोटे-बड़े उद्योगों की हालत खस्ता है। यह ध्यान रखना चाहिए, आर्थिक संकट जब आता है, तब बड़े उद्योग समूह ज्यादा ताकतवर होकर उभरते हैं। उनके पास संसाधन होते हैं, मुश्किल हालात में भी वे व्यापार करने में सक्षम होते हैं। उदारीकरण का जो दौर 1991 से चल रहा है, उसमें चार-पांच उद्योग समूह हैं, जिनका बहुत फैलाव हुआ है। कई लोगों का कहना है, अभी भारत में जिस तरह के बदलाव हो रहे हैं, अमेरिका में उसी तरह के बदलाव 1900 और 1910 के बीच हुए थे। तब वहां तीन-चार बड़ी कंपनियों का वर्चस्व बन गया था, जैसे स्टैंडर्ड ऑयल का। वहां बहुत प्रतिरोध हुआ था और सरकार ने एंटी ट्रस्ट लॉ बनाकर उन बड़ी कंपनियों को तुड़वाया था। भारत में भी आज चर्चा हो रही है, लेकिन वैसे हालात क्या यहां आगामी दशक में बनेंगे? हम नहीं जानते। वैसे पंडित नेहरू के समय में भी वामपंथी कहते थे कि टाटा-बिड़ला पल रहे हैं, डॉक्टर राम मनोहर लोहिया ने कई बार कहा। हालांकि, आज हालात उससे बहुत अलग हैं। समय के साथ राजनीति पर पूंजी व व्यापार का प्रभाव बढ़ा है। आज राजनीति या कूटनीति से परे जाकर तमाम देश व्यापारिक हितों के लिए गठजोड़ बना रहे हैं। पूंजी का प्रवाह बढ़ा है। फिर भी हमें गौर करना चाहिए कि हमारे यहां ज्यादा विदेशी पूंजी शेयर बाजार में आई है। भारत में विदेशी पूंजी का आना पहले से तो बहुत बढ़ा, लेकिन उस तरह का नहीं है, जैसा चीन, मलेशिया और ताईवान में है।

## पंचायतों में रोस्टर



पंचायतों के चुनाव के लिए
मन में थी बहुत उमंग
रोस्टर देख कर पंचायतों का
सभी रह गए दंग
तैयारी जो चुनाव लड़ने की की थी
रह गई धरी की धरी
जिधर भी नज़र दौड़ाओ
महिलाएं ज़्यादा है अब खड़ी
बहुतों ने सोचा था अब के
बन जाएंगे मेंबर,उपप्रधान और प्रधान
रोस्टर कुछ ऐसा बना
टूट गए उनके अरमान
प्रधानी महिला को गई
पुरषों के पल्ले उपप्रधानी आई
कोई कुछ न कर पाया
जब नए रोस्टर की लिस्ट आई
पाँच साल खूब काम किया
फिर चला रोस्टर का डंडा
काम करने वाले को तो
फिर मिला केवल अंडा
बार बार रोस्टर बदलेंगे तो
कैसे काम चलेगा
पांच साल ही तो रहना है
कोई काम नहीं करेगा
पंचायतों में पैसे सरकार से
थोक में अब आते है
निक्मे हमारे पंचायत प्रतिनिधि
खर्च नहीं कर पाते हैं
रोस्टर में जब बदलाव
बार बार और होगा ज़्यादा
भ्रष्टाचार बढेगा बहुत
उन्नति में पैसा लगेगा आधा

**रवींद्र कुमार शर्मा**
**घुमारवीं**
**जिला बिलासपुर हि प्र**

## नववर्ष



ए 2020 तु जल्दी से गुज़र जाए, तुने दी हैं हमें बहुत सी सजाएं,
क्या बिगाड़ा था इन्सान ने तेरा, जो ये तुने महामारी दी फैलाए ।
है दुआ आने वाला साल ढेरों सौगातें लाए, चारों ओर सुख-समृद्धि और वैभव की बाते सुनाएं।
छोड़ पतझड़ का साथ शाखों पर नई कोंपले निकलेगी, पुष्पों से लदी हर डाल होगी,
नव - शिशु सा कोमल, मधुर बिखरा हर सू राग होगा ।
अडिग धरा, अविरल सुर्य- चन्द्र , निश्छल प्राकृति है,
आने वाला पल विकास के संकल्प की कुछ नई परिभाषा सुनाए।
धरती पे होगी हरियाली, महकती हवा होगी, और साफ होगा पानी।
कुनकुनाती धूप होगी और गुनगुनाती होगी चांदनी प्यारी।
रूकेगी युवा शक्ति की बेलगाम दौड़ , टूटेगा चक्र भ्रष्टाचार का,
राजनीति के स्वार्थ की अंधी जोड - तोड़ रूकेगी,आने वाले कल में कुछ नया दिखेगा। अब अज्ञानता, अंधविश्वास, चोरी-चकारी और दहेज प्रथा का अन्त होगा?, साक्षरता का आगमन होगा।
सारे ग़मों और चिंताओं की राख झाड़ देंगे बीते वक्त की ऐश ट्रे में, बीते वर्ष की बातें भूला कर, लगाएंगे गले ने साल को।
पावन धरा पर धान लहलहाए, हरी - भरी हो सृष्टि। जन - जन में हो प्यार, मात-पिता से सब करें सादर नेह दुलार। रहे ना वैर - भाव किसी मे, आंतक का हो जाए अंत।
सरस्वती की कृपा रहे सब पर, गुरू जनों का मिले आशीश।
नैतिकता की सीखें परिभाषा, अच्छी बातें लिखें - पढ़ें, घर - घर पहुंचे शिक्षा का उजियारा, लेखन का नया इतिहास रचें।
मिलेगा नया मौका जीने का, फटा दामन सीने का,हर सू खुशदिल खुश चेहरे होंगे, ग़म के फिर ना पहरे होंगे।
सपने पूरे हों सभी के, निकले यही आवाज़ मन से। करे स्वागत नववर्ष का, हर सू हों नित नव काज।
ए दाता ग़र तु कर दे करम सब पर इतना तो काफी है सबके लिए नया साल, नया समां, नई खुशियां।
आने वाला साल ढेरों सौगातें लाए, चारों ओर सुख-समृद्धि और वैभव की बाते सुनाए।

**मौलिक एवं स्वरचित**
**प्रेम बजाज, जगाधरी ( यमुनानगर )**

## बदलाव

नए साल पर,
कुछ तो नया पन लाओ।
हो सके तो
कुछ आदतों में ही सुधार
लाओ।



कोई कब तक कहेगा
तुम सुधर जाओ
कभी तुम ही
स्वयं को बदल कर
लोगों को अचंभित कर जाओ।
चुन चुन कर तुम,
व्यसनों को पनाह देते हो।
पुराने साल पर मिट्टी डालो
नए साल पे,
नए रंग रूप में आओ।
दिन,महीने,साल ,
कब तक बे खबरी में गुजारोगे
कभी तो अखबारों की,
सुर्खियां बन कर दिखलाओ।
कब तक पिघलोगे,
मोम की तरह,
कभी तो अगरबत्ती की तरह,
महक कर दिखाओ।
बहुत बज लिए,
ढोल की तरह।
कभी तो वीणा की,
तान सुनाओ।
नये साल पर,
कुछ तो बदलाव लाओ।

**कमल राठौर साहिल**
**श्योपुर मध्य प्रदेश**

# बंगाल चुनाव देश की राजनीति की दिशा तय करेगा

**डॉ. नीलम महेंद्र**

**माँ माटी और मानुष इन तीनों शब्दों की व्याख्या को संकुचित करने का मनोविज्ञान लिए होता है। इसी प्रकार जब वहाँ की मुख्यमंत्री बंगाल की धरती पर खड़े होकर गैर बंगला भाषी कोश्बाहरीश्कहने का काम करती हैं तो वो भारत की विशाल सांस्क्रतिक विरासत के आभामंडल को अस्वीकार करने का असफल प्रयास करती नजर आती हैं।**





बंगाल एक बार फिर चर्चा में है। गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, औरोबिंदो घोष, बंकिमचन्द्र चैटर्जी जैसी महान विभूतियों के जीवन चरित्र की विरासत को अपनी भूमि में समेटे यह धरती आज अपनी सांस्कृतिक धरोहर नहीं बल्कि अपनी हिंसक राजनीति के कारण चर्चा में है। वैसे तो ममता बनर्जी के बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में दोनों ही कार्यकाल देश भर में चर्चा का विषय रहे हैं। चाहे वो 2011 का उनका कार्यकाल हो जब उन्होंने लगभग 34 साल तक बंगाल में शासन करने वाली कम्युनिस्ट पार्टी को भारी बहुमत के साथ सत्ता से बेदखल करके राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली हो। या फिर वो 2016 हो जब वो 294 सीटों में से 211 सीटों पर जीतकर एकबार फिर पहले से अधिक ताकत के साथ राज्य की मुख्यमंत्री बनी हों। दीदी एक प्रकार से बंगाल में विपक्ष का ही सफाया करने में कामयाब हो गई थीं। क्योंकि विपक्ष के नाम पर बंगाल में तीन ही दल हैं जिनमें से कम्युनिस्ट के 34 वर्ष के कार्यकाल और उसकी कार्यशैली ने ही बंगाल में उसकी जड़ें कमजोर कीं तो कांग्रेस बंगाल समेत पूरे देश में ही अपनी जमीन तलाश रही है। लेकिन वो बीजेपी जो 2011 तक मात्र 4 प्रतिशत वोट शेयर के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बंगाल में अपना अस्तित्व तलाश रही थी, 2019 में 40 प्रतिशत वोट शेयर के साथ तृणमूल को उसके ही गढ़ में ललकारती है। बल्कि 295 की विधानसभा में 200 सीटों का लक्ष्य रखकर दीदी को बेचैन भी कर देती है। इसी राजनैतिक उठापटक के परिणामस्वरूप आज उसी बंगाल की राजनीति में भूचाल आया हुआ है। लेकिन जब बात राजनीतिक दाँव पेंच से आगे निकल कर हिंसक राजनीति का रूप ले ले तो निश्चित ही देश भर में चर्चा ही नहीं गहन मंथन का भी विषय बन जाती है। क्योंकि जिस प्रकार से आए दिन तृणमूल और भाजपा के कार्यकताओं की हिंसक झड़प की खबरें सामने आती हैं वो वहाँ की राजनीति के गिरते स्तर को ही उजागर करती हैं। भाजपा का कहना है कि अबतक की राजनैतिक हिंसा में बंगाल में उनके 100 से ऊपर कार्यक्ताओं की हत्या हो चुकी है। यह किसी से छुपा नहीं है कि बंगाल में चाहे स्थानीय चुनाव ही क्यों न हों , चुनावों के दौरान हिंसा आम बात है। लेकिन जब यह राजनैतिक हिंसा बंगाल की धरती पर होती है, तो उसकी पृष्ठभूमि में माँ माटी और मानुष का नारा होता है जो माँ माटी और मानुष इन तीनों शब्दों की व्याख्या को संकुचित करने का मनोविज्ञान लिए होता है। इसी प्रकार जब वहाँ की मुख्यमंत्री बंगाल की धरती पर खड़े होकर गैर बंगला भाषी को बाहरी कहने का काम करती हैं तो वो भारत की विशाल सांस्क्रतिक विरासत के आभामंडल को अस्वीकार करने का असफल प्रयास करती नजर आती हैं। क्योंकि गुलामी के दौर में जब अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ इस देश के अलग अलग हिस्सों से अलग अलग आवाजें उठ रही थीं तो वो बंगाल की ही धरती थी जहाँ से दो ऐसी आवाजें उठी थीं जिसने पूरे देश को एक ही सुर में बांध दिया था। वो बंगाल का ही सुर था जिसने पूरे भारत की आवाज को एक ही स्वर प्रदान किया था। वो स्वर जिसकी गूंज से ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिलने लगी थी। वो गूंज जो कल तक इस धरती पुत्रों के इस पुण्य भूमि के प्रति प्रेम त्याग और बलिदान का प्रतीक थी वो आज इस देश की पहचान है। जी हाँ वंदे मातरम का नारा लगाते देश भर में न जाने कितने आजादी के मतवाले इस मिट्टी पर हंसते हंसते कुर्बान हो गए। आज वो नारा हमारा राष्ट्र गीत है और इसे देने वाले बंकिमचन्द्र चैटर्जी जिस भूमि की वंदना कर रहे हैं वो मात्र बंगाल की नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की है। रबिन्द्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित जन गण मन केवल बंगाल की नहीं हमारे भारत राष्ट्र की पहचान है। इसी प्रकार 1893 में विश्व धर्म सभा में स्वामी विवेकानंद ने सनातन धर्म की व्याख्या करते समय भारत देश का प्रतिनिधित्व किया था बंगाल का नहीं। बंगाल की धरती ऐसे अनेकों उदाहरणों से भरी पड़ी है।

# बिदिता बाग जल्द ही ओटीटी पर करेंगी वापसी



अभिनेत्री बिदिता बाग जल्द ही 'द मिसिंग स्टोन' के साथ ओटीटी सीरीज में अपनी वापसी कर रही हैं। हालांकि, इस साल पर्दे पर उनकी उपस्थिति लगातार बरकरार रही। बिदिता ने कहा कि मैं इन परियोजनाओं पर पिछले करीब एक साल से काम कर रही हूं और यह एक संयोग ही है कि ये सभी परियोजनाएं एक के बाद एक रिलीज हो रही हैं।

पर्दे पर मेरी उपस्थिति लगातार बरकरार रही है क्योंकि एक निश्चित समय के भीतर ही कई सारे शोज रिलीज हो गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम जैसे कलाकारों के लिए डिजिटल एंटरटेनमेंट अपनी प्रतिभा को साबित करने का एक बेहतर माध्यम है, क्योंकि हमें यहां काम ज्यादा करने को मिल रहा है। हम आउटसाइडर्स हैं इसलिए हम पर पैसा लगाने से पहले निश्चित तौर पर निर्माताओं को कम से कम दो बार तो सोचना ही होगा, क्योंकि इसके बदले में उन्हें क्या मिलेगा यह एक रिस्क फैक्टर है। ओटीटी ने हमें एक मौका दिया है और कई बेहतर कलाकारों को उनके बकाये की पहचान मिल रही है, जिसके वे हकदार हैं।

# रेड ड्रेस में नजर आईं कपिल शर्मा की भूरी





द कपिल शर्मा शो' की भूरी यानी सुमोना चक्रवर्ती अपने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में सुमोना की एक बोल्ड तस्वीर सामने आई है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। इस फोटो में सुमोना चक्रवर्ती रेड डीप नेक ड्रेस में नजर आ रही हैं, उनका दिलकश अंदाज काफी चर्चा बटोर रहा है। इस फोटो में सुमोना अपने पैर का टैटू भी फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं, जिसमें वह कमाल की लग रही हैं। उनकी इस फोटो पर फैन जमकर कमेंट और तारीफ कर रहे हैं। उनका यह अवतार फैंस के बीच खूब पसंद किया जा रहा है। फोटो में सुमोना एक पेड़ की शाखा पर बैठी नजर आ रही हैं। हालांकि, उनकी यह तस्वीर थोड़ी पुरानी है, लेकिन फैंस के बीच खूब पसंद की जा रही है। सुमोना की फोटो पर कमेंट करते हुए कोई उनकी आंखों की तारीफ कर रहा हो तो कोई बालों की। यही नहीं, कुछ यूजर उनके कपिल शर्मा शो में उनके और कपिल शर्मा के बीच की नोंकझोंक की तारीफ कर रहे हैं।

# जीरो मेक-अप लुक ने अनु के किरदार को बनाया आसान



**कीर्ति कुल्हारी**

अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने क्रिमिनल जस्टिसः बिहाइंड क्लोज्ड डोर्स शो में एक गंभीर भूमिका निभाई हैं। अपने किरदार को लेकर कीर्ति ने कहा, मुझे अनु का किरदार निभाने में मजा आया, क्योंकि वह जटिल, वास्तविक और संवेदनशील है। उसकी मनःस्थिति को पारदर्शिता के साथ पेश करना था और जीरो मेक-अप लुक ने अनु के किरदार निभाने को और आसान बना दिया। अभिनेत्री ने ऑफ कैमरा और सेट पर सह-अभिनेत्रियों अनुप्रिया गोयनका और खुशबू अत्रे के साथ स्किनकेयर रूटीन को साझा करने का पल किया। उन्होंने कहा कि इसका असर यह हुआ कि मैं पहली बार शूटिंग शुरू होने से पहले तैयार हो गई थी और यह बहुत ही आरामदायक था। मेरी सह-अभिनेत्रियों ने सोचा कि मेरी त्वचा काफी अच्छी है और मुझसे पूछा कि मेरी त्वचा की रूटीन क्या है। जैसा कि मैं स्किनकेयर को लेकर काफी सजग हूं मैंने अपने अनुभव और त्वचा विशेषज्ञों से सीखी गई चीजों को उनसे साझा किया।



क्रिसमस के दिन अभिनेत्री गौहर खान अपने बॉयफ्रेंड जैद दरबार संग शादी के बंधन में बंध गईं। अब शादी के दो दिन बाद गौहर ने अपना वीडियो शेयर कर काम पर रवाना होने का हिंट दिया है। उन्होंने वीडियो को सेल्फी मोड में लेकर कैप्शन में लिखा, ब्राइड इन शूट मोड, अब वे वाकई काम पर रवाना हुई हैं या हनीमून पर, यह आने वाले समय में पता चलेगा।

# काम पर लौटी गौहर खान

जहां दो दिन पहले शादी और रिसेप्शन में गौहर को हैवी जूलरी और ब्राइडल लुक में देखा गया था, वहीं दो दिन बाद गौहर बेहद लाइट जूलरी और मेकअप में नजर आ रही हैं। उन्होंने गले में मंगलसूत्र और कानों में टॉप्स पहने हुए हैं। इसके पहले उनके गोल्डन एंड मरून कलर के ब्राइडल आउटफिट को मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। गौहर ने उन्हें शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, मेरा सपना आपके बिना पूरा नहीं हो पाता जो कि मेरी लव स्टोरी का ग्रैंड फिनाले है। गौहर और जैद की शादी काफी चर्चा में थी। उनके निकाह से लेकर वेडिंग रिसेप्शन तक की खबरें सोशल मीडिया पर जबरदस्त छाई रहीं।

# आघात से गुजरने के बाद महिलाएं खुलकर कहने के बजाए चुप क्यों रहती हैं: पंकज



अभिनेता पंकज त्रिपाठी की हाल ही में नई वेब सीरीज "क्रिमिनल जस्टिसः बिहाइंड द क्लोज्ड डोर्स" रिलीज हुई। शो में वह वकील माधव मिश्रा का किरदार निभा रहे है। उनका कहना है कि वह यह नहीं समझ पाते हैं कि महिलाएं जब भी किसी तरह के आघात का अनुभव करती हैं, तो खुलकर कहने के बजाय चुप रहना क्यों पसंद करती हैं, खासकर निजी जीवन के बारे में वह ऐसा क्यों करती हैं। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए समझ से परे है कि महिलाएं व्यक्तिगत जीवन में आघात से गुजरने के बाद चुप क्यों रहती हैं। अपनी समस्याओं को साझा करने के लिए कहने पर वह अपनी जुबान को बंद रखती हैं। मैं वास्तव में यह नहीं जानता कि इसे कैसे डिकोड किया जाए, लेकिन किसी तरह यह (समस्या) अभी भी हमारे समाज में मौजूद है। भले ही हम उदार शहरी सिटी में रहें, फिर भी समाज के कुछ हिस्से ऐसे हैं जहां महिलाएं अपनी समस्याओं के बारे में मुखर नहीं हैं। बता दें कि इस शो में पंकज त्रिपाठी ने वकील माधव मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं, जो अन्नू चंद्रा का केस लड़ते हैं, एक महिला जो अपने पति विक्रम चंद्रा की हत्या के लिए गिरफ्तार हो जाती है। पति का किरदार जिशु सेनगुप्ता द्वारा निभाया गया है। जैसे-जैसे कहानी सामने आती है, प्रतीत होता है कि खुले और बंद मामले में बहुत सी परतें हैं, और अनु अपने वैवाहिक जीवन में पीड़िता हो सकती है। इस बारे में त्रिपाठी ने कहा कि सीरीज में माधव मिश्रा यह समझने के लिए संघर्ष करते हैं कि अनुराधा चंद्रा ने उनके पति की हत्या क्यों की और ऐसा करने के पीछे उनका असली मकसद क्या था। इस सीरीज का निर्देशन रोहन सिप्पी और अर्जुन मुखर्जी द्वारा किया गया। इस सीरीज में दीप्ति नवल, शिल्पा शुक्ला, मीता वशिष्ठ, पंकज सारस्वत, और अयाज खान भी हैं।


# हॉट ड्रेस धारण कर आयोजन में पहुंचीं सनी, रेड कलर ने बढ़ाई लोगों की धड़कनें

बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी अपनी अदाओं के साथ अपने ड्रेस स्टाइल के लिए अक्सर चर्चा में रहती हैं। यह अदाकारा एक इवेंट का हिस्सा बनी, तो उसके लिए उन्होंने रेड कलर की ड्रेस अपने लिए चुनी। इसे पहनकर जब वह वेन्यू पर स्पॉट हुईं तो पपराजी ने उनकी पिक्स कैमरे में कैद करने में देर नहीं लगाई। सनी का लुक ऐसा था, जो हद से ज्यादा स्टनिंग लग रहा था। बोल्ड नेकलाइन की ड्रेस में ऐक्ट्रेस की ब्यूटी और भी ज्यादा बढ़ी हुई लग रही थी, जो दिल चुरा लेने वाली थी। सनी लियोनी फिट एंड कर्वी बॉडी की मालकिन हैं और इसे फ्लॉन्ट करने में वह कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। इस इवेंट में भी वह बैंडेज ड्रेस पहनकर पहुंची थीं, जो उनके कर्व्स पर स्किन हगिंग इफेक्ट क्रिएट करते हुए बोल्ड लुक दे रहे थे। इस आउटफिट में डीप वी कट नेकलाइन के साथ स्पगेटी स्लीव्स थीं, वहीं लेग पोर्शन पर साइट स्लिट थी। सनी ने इस लुक को आइवरी हील्स और गोल्डन हूप्स के साथ कंप्लीट किया था। उन्होंने अपने बालों को साइड पार्ट करते हुए स्ट्रेट रखा था और मेकअप को ग्लैम टच दिया था। वैसे पिछले कुछ समय से सनी का बैक टू बैक स्टाइलिश लुक देखने को मिल रहा है। इससे पहले उन्हें जब अपने पति के साथ डिनर डेट पर देखा गया, तो यह अदाकारा ब्राइट ऑरेंज आउटफिट में नजर आई। उन्होंने हाई नेक एंड हाफ स्लीव्स का ऑरेंज टॉप पहना था, जिसके साथ सेम कलर की नी-लेंथ सिल्क स्कर्ट मैच की थी। इस लुक को सनी ने गोल्डन स्ट्रैप हील्स के साथ कंप्लीट किया था। सिर्फ ग्लैमरस ही नहीं, सनी लियोनी अपने स्टाइल से स्वीट लुक देना भी अच्छे से जानती हैं।



एक इवेंट में यह अदाकारा वाइट कलर की मिनी ड्रेस में स्पॉट हुई, जिसमें फ्रंट में बटन डिजाइन थी। इसमें वेस्ट पर फैब्रिक मेड बेल्ट था, जिस पर गोल्डन एंड ब्राउन कॉम्बिनेशन के थ्रेड से एम्ब्रॉइडरी की गई थी। इसी कढ़ाई को आउटफिट की स्लीव्स के एंड्स पर भी दोहराया गया था। सनी ने इसके साथ गोल्डन नेकपीस पहना था, जो काफी हटकर डिजाइन का था। उन्होंने अपने बालों को वेव्स में स्टाइल किया था और मेकअप को नैचरल टोन रखा था। सनी लियोनी आजकल कलर्स से काफी एक्सपेरिमेंट करती दिख रही हैं।

# मानव कौल ने कोरोना बीमारी के अनुभवों को किया साझा



अभिनेता मानव कौल का सितंबर में आगामी फिल्म नेल पॉलिश के सेट पर कोरोना टेस्ट कराया गया था, जिसमें वह पॉजिटव पाए गए थे। हालांकि, अब मानव कोरोना वायरस को हराकर सेट पर वापस आ गए हैं। इस बारे में अपने अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि वह आश्वस्त थे कि वह ठीक हो जाएंगे और उनकी एकमात्र चिंता यह सुनिश्चित करना था कि वह वायरस नहीं फैलाए। मानव ने कहा, मेरे डॉक्टर दोस्त बहुत मददगार थे। उन्होंने मुझसे कहा कि आप एक फिट व्यक्ति हैं और आप अकेले रहते हैं, इसलिए किसी भी चीज की चिंता न करें। उन्होंने मेरी रिपोर्ट की जांच की और कहा कि मुझे बहुत हल्का कोविड है। इसलिए मुझे भरोसा था कि मैं ठीक हो जाऊंगा। मैं अभी किसी और को कोविड नहीं देना चाहता था। मैं लगभग दो सप्ताह के लिए पूरी तरह से घर पर था। फिर मेरी रिपोर्ट नेगेटिव आई। फिल्म के बारे में उन्होंने कहा, 'नेल पॉलिश' थ्रिलर फिल्म है। हम चाहते हैं कि लोग इस बात को लेकर उत्सुक रहें कि हमने फिल्म का शीर्षक 'नेल पॉलिश' क्यों चुना। फिल्म में चार पुरुष हैं और यह एक कोर्टरूम ड्रामा है। यह पेचीदा है।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# सर्द मौसम में झरीं मीठी-मीठी राग-रागनियाँ







## तानसेन समारोह-2020 (प्रातःकालीन सभा 29 दिसम्बर) राग मनीषियों के गायन-वादन से रसिक हुए मंत्रमुग्ध

**ग्वालियर।** सुर सम्राट तानसेन की याद में आयोजित हो रहे सालाना महोत्सव ÷तानसेन समारोह÷ में मंगलवार को सुबह से बह रही सर्द हवा की वजह से पैदा हुई ठिठुरन राग-मनीषियों द्वारा छेड़ी गई राग-रागनियों से गर्माहट में तब्दील हो गई। भारतीय शास्त्रीय संगीत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित पाँच दिनी महोत्सव के चौथे दिन की प्रातःकालीन सभा में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ हुईं। तानसेन समाधि परिसर में शिवपुरी की छत्रियों की थीम पर बने भव्य एवं आकर्षक मंच से ÷नाद ब्रम्ह के सीर्षस्थ साधक सुर सम्राट तानसेन को स्वरांजलि अर्पित कर रहे हैं। तानसेन समारोह की छठवीं एवं मंगलवार की प्रातःकालीन सभा का शुभारंभ पारंपरिक रूप से श्री साधना संगीत कला केन्द्र के ध्रुपद गायन से हुई। राग कोमल ऋषभ आशावरी÷ में प्रस्तुत बंदिश के बोल थे रतन सिंहासन ता पर आसन÷। पखावज पर श्री अविनाश महाजनी और तबले पर श्री बसंत हारमरकर ने संगत की।

**मधुभट्ट के ध्रुपद गायन से शीतल बयार में आई गरमाहट**-जयपुर से आईं ध्रुपद गायिका डॉ. मधु भट्ट तैलंग की प्रस्तुति ने रसिकों पर गहरी छाप छोड़ी। उन्होंने राग कोमल ऋषभ आशावरी में आलापचारी करते हुए धमार ताल में बंदिश लाजन भीज गई का गायन अपनी खनकदार आवाज में किया। इसके बाद शुद्ध धैवत के राग ÷ गुणकली÷ में तानसेन रचित बंदिश ÷जय शारदे भवानी÷ का गायन कर सुर सम्राट को स्वरांजलि अर्पित की। इसी के साथ उन्होंने अपने गायन को विराम दिया।उनके गायन में तिहाइयां एवं चक्करदार का उपयोग संगीतप्रेमियों के लिए सुनने योग्य था। उनके गायन में पखावज पर श्री अंकित पारिख और सारंगी पर आबिद हुसैन की संगत को भी रसिकों ने खूब सराहा।

**यश देवले ने बिखेरे घरानेदार गायकी के सुर .....** दानेदार, बुलंद और सुरीली आवाज में जब युवा पीढ़ी के उदयीमान शास्त्रीय गायक यश देवले ने राग ÷शुद्ध सारंग÷ और तीन ताल में निबद्ध छोटा ख्याल ÷अब मोरी बात मानी रे÷ का सुमधुर गायन किया तो प्रांगण घरानेदार गायकी से गुंजायमान हो उठा। ग्वालियर के सुविख्यात संगीत गुरू श्री संजय देवले के सुपुत्र यश देवले ग्वालियर एवं आगरा घराने की गायकी में सिद्धहस्त हैं। उन्होंने अपने गायन की शुरुआत इसी राग और विलंबित एक ताल में बड़ा ख्याल ÷ ऐ बनाबन आयो री÷ के गायन से की। उनके गायन में सुंदर आलापचारी और बढ़त के साथ ठहराव ने रसिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यश देवले ने आगरा घराने के श्री जितेन्द्र अभिषेकी द्वारा रचित मराठी रचना ÷घेई छंद मकरंद÷ को झपताल में पिरोकर पेश किया तो रसिक वाह वाह करने को मजबूर हो गए। इसी के साथ उन्होंने अपने गायन को विराम दिया।आपके साथ कुशल तबला संगत डॉ विनय विन्दे ने की। हारमोनियम पर पंडित महेश दत्त की संगत भी लाजवाब रही।

**मैंडोलिन से मिले हिंदुस्तानी सुर तो धूप-छाँव का हुआ अहसास**-पश्चिमी वाद्य यंत्र मैंडोलिन पर जब कोलकाता से आए अग्रणी पंक्ति के कलाकार श्री सुगातो भादुड़ी की अंगुलियाँ थिरकीं तो रसिकों को कभी धुंध व कोहरा तो कभी तेज धूप का एहसास हुआ। उन्होंने राग ÷ अहीर विभास÷ में मनोहारी वादन किया।

इस राग का सृजन राग अहीर व विभास के मेल से हुआ है। राग ÷अहीर÷ जहाँ धुंध व कोहरे का आभास कराता है वहीं मारवा ठाठ का राग ÷विभास÷ धूप की अनुभूति देता है। जब इस राग का गायन सुबह व दोपहर के मिलन की बेला में होता है तो सुरों के अलग ही रंग बिखरते हैं। श्री सुगातो भादुड़ी ने विधिवत आलापचारी के बाद मध्य लय तीन ताल में सितारखानी पेश की । उन्होंने तंत्रकारी के साथ गायकी अंग का भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। बीन, रवाब, सरोद, सितार आदि वाद्य यंत्रों की रागदारी का समावेश उनके वादन में दिखाई दिया। मैंडोलिन वादन सुनकर गुणीय रसिक मंत्रमुग्ध हो गए। तबले पर उदयीमान तबला वादक श्री अंशुल प्रताप सिंह की संगत शानदार रही।

**राग ÷रसिक प्रिया÷ में कर्नाटक संगीत की प्रभावी प्रस्तुति**-तानसेन समारोह में मंगलवार को सजी प्रातःकालीन सभा में दक्षिण भारतीय शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति भी हुई। कर्नाटक शास्त्रीय संगीत के सुप्रतिष्ठित गायक श्री कावालम श्रीकुमार ने राग ÷रसिक प्रिया÷ में गायन किया। उन्होंने कोटेश्वर अय्यर द्वारा रचित तमिल रचना का प्रभावी गायन किया। इसी कड़ी में उन्होंने अपने गुरु बी. शशिकुमार की रचना राग ÷द्विजवंती÷ में पेश की। आदि-ताल में निबद्ध इन रचनाओं को कावालम श्री कुमार ने अपनी मधुर आवाज में खूब मनोयोग से प्रस्तुत किया। श्री कुमार ने कई मलयाली फिल्मों के गीतों को अपनी मधुर आवाज दी है। कर्नाटक संगीत पर आधारित अत्यंत लोकप्रिय टेलीविजन कार्यक्रम ÷रागोल्सवम्÷ का संचालन भी उन्होंने किया है। तानसेन समारोह में उनके साथ वायोलिन पर श्री अट्टूकाल बालसुब्रमण्यम एवं मृदंगम पर श्री बोम्मई गणेश ने बेहतरीन संगत की।

# लाजवंती को एक घंटे में मिला अपने घर में नल कनेक्शन

## जन-सुनवाई में कलेक्टर श्री सिंह ने लाजवंती की बरसों पुरानी समस्या का किया निराकरण

**ग्वालियर।** साहब दूसरे के द्वारें पानी भर-भरकें मैं बूढ़ी है गई । मेरे घर नहीं आता पानी । लगभग 70 वर्षीय विधवा महिला लाजवंती जाटव ने जब जन-सुनवाई में कलेक्टर को अपनी व्यथा सुनाई तो कलेक्टर ने लाजवंती के घर एक घंटे में नल कनेक्शन लगाने के निर्देश दिए। साथ ही लाजवंती को शासकीय गाड़ी से उसके घर ले जाकर उसके सामने नल कनेक्शन लगवाया। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा किए गए त्वरित न्याय को पाकर लाजवंती की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और वह खुश होकर कलेक्टर को शत-शत प्रणाम कर धन्यवाद दे रही हैं ।

आम जनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन द्वारा की जा रही जन-सुनवाई आज लाजवंती के लिये खुशी का पैगाम लेकर आई। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के त्वरित न्याय से बरसों पुरानी समस्या का कुछ ही घंटों में निराकरण हुआ। जन-सुनवाई में वैसे तो कई लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। लेकिन लाजवंती की समस्या का जो त्वरित निराकरण हुआ है उसकी आशा शायद लाजवंती को भी नहीं थी। उल्लेखनीय है कि जन-सुनवाई में बुजुर्ग महिला लाजवंती पहुँची और आवेदन लेकर



अपनी सुनवाई का इंतजार कर रही थी। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सभी आवेदकों से मिलते हुए जब लाजवंती के समीप पहुँचे तो लाजवंती ने कहा कि साहब पानी के लिये भटक-भटककर मैं बूढ़ी हो गई। मेरे घर भी पानी का कनेक्शन करवा दो। कलेक्टर ने जन-सुनवाई से ही नगर निगम के अधीक्षण यंत्री श्री आर एल एस मौर्य को फोन किया और पूछा कि घर पर नल कनेक्शन के कितने पैसे लगते हैं। उनके द्वारा बताया गया कि 1700 रूपए जमा करने पर नल कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध होती है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आगे पूछा कि अगर कलेक्टर कहे तो कितनी देर में नल का कनेक्शन हो जायेगा। अधीक्षण यंत्री श्री मौर्य ने कहा कि एक घंटे के अंदर कनेक्शन की कार्रवाई प्रारंभ कर कनेक्शन दे दिया जायेगा। उन्होंने जन-सुनवाई में उपस्थित जनसंपर्क अधिकारी श्री मधु सोलापुरकर को अपनी गाड़ी से लाजवंती को ले जाकर नल कनेक्शन कराने को कहा। जनसंपर्क विभाग की गाड़ी में लाजवंती को बिठाकर उसके घर ले जाया गया और अधीक्षण यंत्री श्री आर एल एस मौर्य भी अपने दल के साथ पहुँचे मामा का बाजार स्थित हैदरगंज में लाजवंती के घर नल कनेक्शन की कार्रवाई प्रारंभ कर कुछ ही घंटे में लाजवंती को मिला खुद का नल कनेक्शन । पीएचई अमले ने लाजवंती के घर पर एक नहीं बल्कि दो कनेक्शन किए। एक कनेक्शन पुरानी लाईन में जिससे वर्तमान में पेयजल सप्लाई हो रहा है और दूसरा कनेक्शन अमृत परियोजना के तहत डाली गई नई लाईन से जिसे अभी पूरानी लाईन से नहीं जोड़ा गया है। इसके साथ ही पीएचई विभाग द्वारा तत्काल उसके कनेक्शन की स्वीकृति का पत्र भी सौंपा गया। लाजवंती को अब अपने घर पर ही पानी मिलेगा।

## राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह आज ग्वालियर आयेंगे

**ग्वालियर।** प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह 30 दिसम्बर को ग्वालियर जिले के प्रवास पर रहेंगे। श्री कुशवाह इस दिन प्रातःकाल 6 बजे सचखण्ड एक्सप्रेस से ग्वालियर पहुँचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह प्रातः 10 बजे ग्वालियर से सड़क मार्ग द्वारा बेहट जायेंगे और वहाँ पहुँचकर तानसेन संगीत समारोह की सभा में शामिल होंगे। श्री कुशवाह इसके बाद दंगियापुरा जायेंगे और वहाँ स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद सायंकाल 5 बजे व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार पहुँचेंगे। उद्यानिकी राज्य मंत्री रात्रि एक बजे भोपाल एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों पर होगा रियूसेबल कपड़े के नेपकिन बनाने का प्रशिक्षण

**ग्वालियर।** कोविड-19 के दौरान किए गए अध्ययन के अनुसार लॉकडाउन में सैनेटरी नेपकिन की अनुपलब्धता होने से महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ा। शहरों में सैनेटरी नेपकिन का प्रयोग ज्यादा होता है। ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में सैनेटरी नेपकिन के उपयोग का प्रतिशत आर्थिक समस्या और जानकारी के अभाव में काफी कम आंका गया है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए महिलाओं और किशोरियों को स्थानीय स्तर पर रियूसेबल कपड़े के नैपकिन बनाने का प्रशिक्षण दिए जाने का निर्णय लिया है। संचालक महिला बाल विकास श्रीमती स्वाति मीणा नायक ने जानकारी दी कि 30 दिसंबर से 15 जनवरी 2021 तक प्रदेश के सभी 52 जिलों में कुल 17005 आंगनवाडी केन्द्रों पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कपड़े के सुविधाजनक रियूसेबल सैनेटरी नैपकिन बनाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण वॉटर-एड संस्था के तकनीकी सहयोग से ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में स्व-सहायता समूह की महिलाएँ, किशोरी बालिकाएँ, आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएँ शामिल होंगी। श्रीमती नायक ने बताया कि प्रशिक्षण में बनाए गए सेनेटरी नैपकिन्स को महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को उपयोग के लिए दिया जायेगा एवं उनसे फीड बैक लिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं/महिलाओं को माहवारी स्वच्छता पर भी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## जिला सलाहकार समिति में तीन सदस्य मनोनीत

**ग्वालियर।** गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम में निहित प्रावधानों के अंतर्गत जिला सलाहकार समिति में तीन सामाजिक कार्यकर्ताओं को अस्थायी रूप से मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन प्रभारी मंत्री का अनुमोदन होने तक तदर्थ रूप से जिला मजिस्ट्रेट एवं सक्षम प्राधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला सलाहकार समिति में डॉ. वंदना शर्मा, वैद्य डॉ. धर्मेन्द्र रिघारिया एवं श्रीमती मीना शर्मा को सदस्य मनोनीत किया गया है। मनोनीत अशासकीय सदस्यों का कार्यकाल प्रभारी मंत्री से अनुमोदन होने पर आगामी आदेश पृथक से जारी किया जायेगा।

## जन्म से हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का सरकार के खर्चे पर होगा इलाज आधा दर्जन बच्चे चिन्हित

**ग्वालियर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में जन्म से ही दिल में छेद एवं जन्मजात अन्य हृदय रोगों से पीड़ित बच्चों को चिन्हित किया जा रहा है। इन बच्चों का सरकार के खर्चे पर इलाज कराया जायेगा। इस कड़ी में मंगलवार को हृदय में छेद वाले आधा दर्जन बच्चों की जेएएच हॉस्पिटल के हृदय रोग के विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत रस्तोगी ने स्वास्थ्य परीक्षण कर ईको जाँच की। इन बच्चों में वेदांश, टीना, रूद्र, दुर्गेश, अनुशा व दीपिका शामिल हैं। इन बच्चों के हृदय में जन्मजात विकृति का पता चला है। अब इनका इलाज राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत कराया जायेगा।

# अजा. एवं अजजा. के प्रकरणों में राहत राशि का तत्काल वितरण किया जाए : कमिश्नर

## कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिये विशेष मुहिम चलाई जाए - आईजी श्री मनोज शर्मा, गूगल मीट के माध्यम से चंबल संभाग सहित दतिया जिले के कार्यों की समीक्षा

**ग्वालियर।** संभागीय कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने आज गूगल मीट के माध्यम से चंबल संभाग सहित दतिया जिले की कानून व्यवस्था एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान चंबल रेंज के आईजी श्री मनोज शर्मा, मुरैना, भिण्ड, श्योपुर एवं दतिया जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा संभागीय अधिकारी भी गूगल मीट में शामिल हुए। गूगल मीट के माध्यम से संभागीय कमिश्नर एवं आईजी ने उक्त जिलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं माफिया के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने एन्टी माफिया अभियान चलाने के निर्देश दिए और कहा कि जिस सरकारी जमीन पर किसी माफिया का अवैध कब्जा है तो उसे जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन तत्काल हटाए। इसी प्रकार खाद्य सामग्री में मिलावट करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाए और ऐसे लोगों को जेल भेजने की कार्रवाई की जाए। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों पर गैर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों द्वारा किए गए अत्याचार के प्रकरणों में तत्काल राहत राशि का वितरण किया जाए। साथ ही आरोपी पर वैधानिक कार्रवाई की जाए। कमिश्नर श्री सक्सेना एवं आईजी श्री शर्मा ने महिला एवं बालिका अपराध के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। नशे का व्यापार करने वालों के विरूद्ध विशेष मुहिम चलाने तथा चिटफंड कंपनियों के संचालकों पर पुलिस में मामला दर्ज कराने एवं जमा कर्ताओं की राशि वापस दिलाने के निर्देश उन्होंने दिए। उन्होंने अवैध उत्खनन एवं सायबर माफिया के विरूद्ध भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उक्त जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टरों ने बताया कि उक्त कार्रवाई उनके द्वारा अभियान बतौर की जा रही है। मुरैना के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अवैध रेत उत्खनन के 16 वाहन जब्त किए गए हैं। इसी प्रकार चिटफंड कंपनियों से 50 लाख रूपए की राशि निवेशकों को वापस दिलवाई गई है। भिण्ड के अपर कलेक्टर ने बताया कि मिलावटी दूध का कारोबार करने वालों के विरूद्ध पाँच एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। इसके अलावा चिटफंड कंपनियों से भी राशि निवेशकों को वापस कराई गई है। संभागीय कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने इस अवसर पर निर्देश दिए कि 31 दिसम्बर को नए वर्ष के उपलक्ष्य में लोगों के द्वारा जश्न मनाया जायेगा। इसलिये अधिकारी विशेष तौर पर इस दिन निगरानी रखें एवं कोविड की गाइडलाइन का पालन कराएँ। कमिश्नर श्री आशीष सक्सेना ने सभी कलेक्टर एवं संभागीय अधिकारियों से कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का किसानों को भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही खरीदे गए धान का यथा समय परिवहन किया जाए। किसान कल्याण योजनाओं के संबंध में उन्होंने कहा कि वर्तमान में रबी सीजन चल रहा है। इसलिये किसानों को कृषि योजनाओं में तत्काल सहायता पहुँचाई जाए। सभी अधिकारी खाद वितरण पर विशेष निगरानी रखें। प्रधानमंत्री स्व-निधि एवं मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना के तहत सभी विक्रेताओं को लाभान्वित कराने के भी निर्देश उन्होंने दिए। उन्होंने चारों जिलों के पात्र लोगों के आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री हैल्पलाइन के शतप्रतिशत प्रकरणों का निराकरण करने एवं मनरेगा तथा रोजगारमूलक अन्य कार्यक्रमों के तहत लोगों को रोजगार देने के निर्देश दिए। इसके लिये प्रत्येक जिले में रोजगार मेलो का आयोजन जनवरी माह में किया जाना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर श्री सक्सेना ने इस अवसर पर स्वच्छता सर्वेक्षण की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम एवं नगर पालिका क्षेत्रों में स्वच्छता की मॉनीटरिंग करने की व्यवस्था की जाए। महिला-बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षा के लिये प्रोत्साहित करें। इसी प्रकार कुपोषित बच्चों को अधिकारी गोद लेकर कुपोषित से सुपोषित में लाएँ।









स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निकट हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478